https://www.instagram.com/sachbedhadakd https://www.youtube.com/@SachBedhadakD https://x.com/SachBedhadakD https://www.facebook.com/SachBedhadakD

FIRST INDIA

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित

वर्ष: 4 । अंक: 130 जयपुर, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025 । बैशाख, कृष्ण पक्ष-अष्टमी, विसं 2082 पृष्ठ: 10 । मूल्य: 3.00




मंडे मेगा स्टोरी

सच बेधड़क एक्सक्लूसिव

### किसान कर्ज में डूबे: राहत अब भी दूर... देश के 58% किसान बैंकों के कर्ज तले दबे

# ‘बजट 8 गुना बढ़ा, किसान की किस्मत वही पुरानी!’

पंकज सोनी | बेधड़क

**जयपुर।** कृषि प्रधान भारत में जहां किसान को ‘अन्नदाता’ कहा जाता है, वही अन्नदाता आज भारी कर्ज के बोझ तले दबा हुआ है। सरकारें भले ही राहत योजनाओं का ढोल पीट रही हों, मगर जमीनी सच्चाई कुछ और ही बयां कर रही है। बैंकों के आंकड़े बताते हैं कि देश के 58 फीसदी किसान कर्जदार हैं, लेकिन साहूकारों और निजी उधारदाताओं से लिया गया कर्ज कितना है इसका कोई ठोस सरकारी आंकड़ा अब तक उपलब्ध नहीं है। सरकार ने 2014 से लेकर 2025 तक कृषि बजट में आठ गुना तक बढ़ोतरी कर विकास का दावा तो कर दिया, लेकिन किसानों की जमीनी हकीकत अब भी नहीं बदली।

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कर्जदारी

## राजस्थान के 1.05 करोड़ किसानों पर ₹1.74 लाख करोड़ का कर्ज

मार्च, 2024 तक महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा कर्जदारी देखने को मिलती है, जहां 1.46 करोड़ किसान ₹8.38 लाख करोड़ के कर्ज तले दबे हैं। राजस्थान के 1.05 करोड़ किसान ₹1.74 लाख करोड़ और मध्य प्रदेश के 93.52 लाख किसान ₹1.50 लाख करोड़ के कर्जदार हैं। जून 2023 तक राजस्थान के किसानों पर वाणिज्यिक, सहकारी और क्षेत्रीय ग्रामीणों बैंकों का 147538.62 करोड़ रुपए कृषि कर्ज बकाया था। राजस्थान में एक किसान परिवार पर औसतन ₹1.66 लाख का कर्ज है।



**18.81** करोड़ किसान देश में कर्जदार

**₹32 लाख** करोड़ का कुल कर्ज किसानों पर

**₹21,933** करोड़ का 2014-15 का कृषि बजट

**₹1,71,437** करोड़ का 2025-26 का कृषि बजट




### देश में एक किसान परिवार पर औसतन ₹1.70 लाख का कर्ज

## किसानों पर कृषि बजट से 20 गुना ज्यादा कर्ज

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश में लगभग 18.81 करोड़ किसान परिवारों पर कुल ₹32,35,747 करोड़ का कृषि ऋण है। यह रकम 2025-26 के कृषि बजट (₹1,71,437 करोड़) का लगभग 20 गुना है। किसानों को सबसे ज्यादा कर्ज वाणिज्यिक बैंकों से मिलता है। वहीं देश में एक किसान परिवार पर औसतन ₹1.70 लाख का कर्ज है।

### केंद्र सरकार का राहत योजनाओं पर जोर

केंद्र और राज्य सरकारें फिलहाल कर्जमाफी के मूड में नहीं हैं। उनकी प्राथमिकता किसान कल्याण योजनाओं पर अधिक ध्यान देना है। केंद्र सरकार ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। किसानों के लिए उन्नत बीजों का इंतजाम कर रही है। ड्रोन टेक्नोलॉजी लेकर आई है। हर साल न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी भी कर रही है और खरीद भी बढ़ा रही है।

### बजट 10 साल में 8 गुना

2014 में केंद्र सरकार का कृषि बजट ₹21,933 करोड़ था। 2025-26 में यह बढ़कर ₹1,71,437 करोड़ हो गया है। अब तक 3.46 लाख करोड़ रुपए किसानों को पीएम किसान योजना के तहत मिल चुके हैं। 100 जिलों में पीएम धन धान्य योजना के तहत कृषि विकास से 1.7 करोड़ किसानों को लाभ होने की उम्मीद है।

### हरियाणा, पंजाब, हिमाचल और चंडीगढ़ के किसानों पर 2.20 लाख करोड़ का कर्ज!

पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के 85.86 लाख किसानों पर कुल ₹2.20 लाख करोड़ का बैंक कर्ज बकाया है। दक्षिण भारतीय राज्यों में किसानों पर बकाया ऋण की स्थिति अलग-अलग है। ऋणग्रस्तता के मामले में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि तमिलनाडु में सबसे अधिक ऋण बकाया है।



“सरकारें किसानों के लिए शॉर्ट टर्म योजनाएं बनाकर लाभ देती हैं, लेकिन यह राहत दीर्घकालिक नहीं होती। ऐसे में सरकारों को किसानों के लिए लॉन्ग टर्म योजनाएं बनानी चाहिए, जिससे उन्हें रोजगार के अवसर मिलें, उत्पादन बढ़े और फसल के मूल्य से लेकर मार्केट से जुड़ाव हो।

**- प्रो. एस.एस. सोमरा,** निदेशक, नीति आयोग चेयर, राजस्थान विश्वविद्यालय

## जरूरी खबर

### कुलभूषण उच्च अदालत में अपील नहीं कर सकेंगे



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को ऊपरी अदालत में अपील का अधिकार नहीं मिलेगा। यह जानकारी पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में दी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि क्या जाधव को अपील का अधिकार मिला था, और अगर मिला था, तो पाकिस्तान के नागरिकों को क्यों नहीं? रक्षा मंत्रालय के वकील ने जवाब दिया कि जाधव को अपील का अधिकार नहीं दिया गया। जाधव 2016 से पाक की जेल में बंद हैं, उन पर जासूसी का आरोप है। 2019 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें केवल कॉन्सुलर एक्सेस मिला था।

### एक अमेरिकी और दो रूसी यात्री पृथ्वी पर लौटे

**मॉस्को।** अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से लौटते हुए सोयूज कैप्सूल रविवार सुबह जेज्काजगान के पास सुरक्षित उतरा। इसमें दो रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओविचिनिन और इवान वैगनर, तथा अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री डॉन पेटिट सवार थे। तीनों ने अंतरिक्ष में 220 दिन बिताए और पृथ्वी की 3,520 परिक्रमाएं पूरी कीं। नासा ने बताया कि संयोग से पेटिट ने इसी दिन अपना 70वां जन्मदिन भी मनाया। लैंडिंग पैराशूट की सहायता से सुरक्षित रही।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 95711 98777
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### वेंस परिवार के सम्मान में पीएम मोदी देंगे रात्रिभोज

### दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर जाएंगे अमेरिकी उपराष्ट्रपति

# भारत-अमेरिका में व्यापार और द्विपक्षीय संबंधों पर होगी वार्ता

बेधड़क | नई दिल्ली/ जयपुर

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस अपनी पहली भारत यात्रा पर सोमवार को राजधानी दिल्ली पहुंचेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वेंस के बीच व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के मुद्दों पर व्यापक वार्ता होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी, वेंस और उनकी भारतीय मूल की पत्नी उषा के सम्मान में रात्रिभोज भी आयोजित करेंगे। वेंस अपने परिवार पत्नी उषा और तीन बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ चार दिवसीय यात्रा पर भारत आ रहे हैं। वे सोमवार सुबह 10 बजे पालम एयरबेस पर उतरेंगे, जहां केंद्र सरकार का वरिष्ठ कैबिनेट मंत्री उनका स्वागत करेगा। दिल्ली प्रवास के कुछ घंटों के भीतर वेंस परिवार स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर का दौरा करेगा। साथ ही वे भारतीय हस्तशिल्प और संस्कृति को नजदीक से देखने के लिए एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स भी जा सकते हैं।



फाइल फोटो

### आज जयपुर पहुंचेंगे वेंस

वेंस और उनका परिवार दिल्ली के आईटीसी मौर्य शेरेटन होटल में ठहरेगा। सोमवार रात वे जयपुर रवाना होंगे। 22 अप्रैल को वे आमेर किले सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे और राजस्थान अंतरराष्ट्रीय केंद्र में एक सभा को संबोधित करेंगे। 23 अप्रैल को वेंस परिवार आगरा जाएगा, जहां वे ताजमहल और भारतीय कलाओं से सुसज्जित शिल्पग्राम का भ्रमण करेंगे। उसी शाम वे जयपुर लौटेंगे और 24 अप्रैल को अमेरिका रवाना होंगे।

■ पेज 3 भी देखें

### दोस्ती के नए अध्याय की शुरुआत

वेंस ऐसे समय भारत आ रहे हैं, जब कुछ सप्ताह पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 60 देशों के खिलाफ शुल्क व्यवस्था को अस्थायी रूप से स्थगित किया था। अब भारत और अमेरिका एक व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क, बाजार पहुंच और निवेश को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी शाम साढ़े छह बजे अपने 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित निवास पर वेंस का स्वागत करेंगे। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच आधिकारिक बातचीत होगी, जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिसरी और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी शामिल हो सकते हैं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का शेखावाटी दौरा

# सत्ता में आते ही पानी की चिंता की, अब दिख रहा बदलाव: सीएम

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने तीन दिवसीय शेखावाटी दौरे के तहत रविवार को झुंझुनूं पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान की सबसे बड़ी समस्या पेयजल की है और इसे दूर करने के लिए उनकी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। भाजपा सरकार बनने के साथ ही शेखावाटी सहित पूरे प्रदेश को पेयजल उपलब्ध कराने की योजनाएं बनाई गईं और अब उन्हें धरातल पर उतारा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ईआरसीपी और अब यमुना जल लाने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यमुना जल समझौते की प्रवाह प्रणाली की डीपीआर तैयार की जा रही है। पिलानी में हरियाणा और राजस्थान के अधिकारियों की बैठक के जरिए इस दिशा में आगे बढ़ा जा रहा है। भजनलाल ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक शासन किया लेकिन पानी की समस्या का हल नहीं निकाला। अब वही कांग्रेस पूछ रही है कि कितना पानी आएगा, जो पानी के खिलाफ हैं, उन्हें सवाल पूछने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र को यमुना जल की विशेष सौगात दी जा रही है, जिससे भविष्य संवरने वाला है।



### कांग्रेस की योजनाएं कागज तक सीमित

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने योजनाओं को सिर्फ कागजों में ही सीमित रखा जबकि भाजपा सरकार उन्हें जमीन पर लागू कर रही है। पूर्व सीएम भैरोंसिंह शेखावत ने हमेशा राजस्थान के लिए सोचा। उसी सोच को हम आगे बढ़ा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाएं अब पात्रों के खातों में डायरेक्ट ट्रांसफर हो रही हैं। पेपर लीक मुद्दे पर भी उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछले 16 महीनों में राज्य में करीब 100 परीक्षाएं हुईं और एक भी पेपर लीक नहीं हुआ, जबकि पूर्व सरकार के समय पेपर लीक आम बात थी। भजनलाल ने उदयपुरवाटी, नवलगढ़, मुकुंदगढ़, मंडावा, पिलानी, खेतड़ी और बगड़ जैसे स्थानों पर आमजन से मुलाकात की और भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया।

### रूसी सेना ने रातभर हमले जारी रखे: जेलेंस्की

**एजेंसी. कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस पर ईस्टर के मौके पर युद्ध विराम का झूठा आभास देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पुतिन द्वारा अस्थायी युद्ध विराम की घोषणा के बावजूद रूसी सेना ने रातभर हमले जारी रखे। रविवार सुबह तक 59 गोलाबारी की घटनाएं हुई।

### ऑपरेशन बेखौफ...सर्च में मिले करोड़ों रुपए के 55 आवासीय भूखंड, माइनिंग लीज

## PHED के एसई की करोड़ों रुपए की काली कमाई उजागर

बेधड़क | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने रविवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में ऑपरेशन बेखौफ चलाकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग बांसवाड़ा (पीएचईडी) के अधीक्षण अभियंता (एसई) अशोक कुमार जांगिड़ के जयपुर समेत 13 ठिकानों पर छापेमारी की है। कार्रवाई में करीब 250 अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। सर्च में करीब 4 करोड़ रुपए की माइनिंग मशीनरी, करोड़ों रुपए के 55 आवासीय भूखंड, माइनिंग लीज, कृषि भूमि, दुकानें और फार्म हाउस मिले हैं। पावटा में निर्माणाधीन शॉपिंग मॉल और तीन मंजिला व्यावसायिक परिसर, जयपुर में दो व्यवसायिक परिसर, पावटा में 40 बीघा में दो फार्म हाउस मिले। छापेमारी में करीब 35 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और 2 लाख की नकदी भी मिली है। एसीबी के डीजी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि सर्च में जांगिड़ के नाम 19, पत्नी सुनीता शर्मा के नाम 3 और बेटे निखिल जांगिड़ के नाम 33 संपत्तियां जयपुर शहर, पावटा, कोटपूतली, श्रीमाधोपुर, मौजमाबाद, उदयपुर, अजमेर, मालपुरा-टोंक और श्रीमोहनगढ़ जैसलमेर में करीब 19 स्थानों पर कुल 55 अचल संपत्तियां खरीदने, निर्माण और निवेश में करोड़ों रुपए व्यय करने के दस्तावेज मिले हैं। जानकारी के अनुसार, जांगिड़ की 1998 में एईएन के पद पर राजस्थान शहरी पेयजल सीवरेज और अवसंरचना निगम लिमिटेड (रुडसिको) में नौकरी लगी थी। लंबे समय तक जांगिड़ रुडसिको में रहे हैं। उनके पास बांसवाड़ा के अलावा उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़ के अधीक्षण अभियंता का चार्ज भी था। उन्होंने वर्तमान में बांसवाड़ा को हैड ऑफिस बना रखा था।



अशोक कुमार

### भारी बारिश व बाढ़ से कई जगह भूस्खलन व मिट्टी धंसी, 100 लोगों को बचाया

# रामबन में बादल फटा... तीन मरे, सैकड़ों बेघर

एजेंसी | रामबन/जम्मू

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार तड़के बादल फटने और भारी बारिश के कारण मची तबाही ने पूरे इलाके को दहला दिया। अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से जहां तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं प्रशासन की तत्परता से 100 से अधिक लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया। धर्मकुंड गांव सबसे अधिक प्रभावित रहा, जहां करीब 40 मकानों को नुकसान पहुंचा है। इनमें से 10 मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो गए हैं, जबकि शेष आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। लगातार हो रही बारिश के बावजूद पुलिस और राहत दलों ने साहस दिखाते हुए समय पर गांव में पहुंचकर कई जानें बचा लीं। क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश से स्थिति और भी गंभीर हो गई है।



### आवाजाही रोकी, सैकड़ों यात्री फंसे

जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर नाशरी और बनिहाल के बीच एक दर्जन से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मिट्टी धंसने और चट्टानों के गिरने की घटनाएं हुई हैं। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है, जिसके चलते सैकड़ों यात्री बीच रास्ते में फंसे हुए हैं। यह राजमार्ग कश्मीर को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला एकमात्र सड़क मार्ग है। यातायात विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि जब तक मौसम साफ न हो और सड़क को फिर से चालू न किया जाए, तब तक वे यात्रा न करें। पंथियाल इलाके में सड़क का एक हिस्सा तेज बहाव में बह गया है। हालांकि, प्रशासन ने राहत अभियान तेज करते हुए फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय बैठक कर राहत कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

## जरूरी खबर

### बालमुकुंदाचार्य ने किया सीसी सड़क का शिलान्यास



**जयपुर।** हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य ने रविवार को वार्ड 13 के जयसिंहपुरा खोर स्थित श्री शिवनगर और आसपास के क्षेत्रों में 84 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि यह सड़क न केवल जयसिंहपुरा खोर के विकास की प्रतीक बनेगी, बल्कि यहां निवासरत सभी परिवारों के जीवन को सुगम बनाएगी। उन्होंने कहा कि जनता को पानी, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं सुलभ करवाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अपने विधानसभा क्षेत्र में अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर पार्षद सुरेश सैनी, शिंभू सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

### आरपीएससी में आरएएस-2023 के इंटरव्यू आज से

**जयपुर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 के इंटरव्यू सोमवार से शुरू होंगे। आरपीएससी ने 2168 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए शॉर्टलिस्ट किया है। 972 पदों के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम 2 जनवरी को जारी किया गया था। इसमें 2168 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थाई रूप से सफल घोषित किया है। इसमें 2 कैंडिडेट्स के रिजल्ट सील्ड कवर रखे गए हैं। 20 का रिजल्ट कैंसिल किया गया है। 3 का परिणाम प्रशासनिक कारणों से होल्ड किया है।

### विधायक कोष राशि की बजट सीमा पर पाबंदी

**बेधड़क, जयपुर।** सरकार ने विधायक कोष की राशि से बजट खर्च करने की सीमा पर पाबंदी लगाई है। अब विधायक द्वारा एक योजना में दी जाने वाली सहायता राशि 25 लाख रुपए से अधिक नहीं होगी। ग्रामीण विकास विभाग के एसीएस ने परिपत्र जारी किया है। विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना में अभिशंषित कार्य, जिसकी कार्यकारी एजेंसी गैर सरकारी संस्था हो तो, विधायक कोष से अधिकतम 25 लाख रुपए तक की राशि ही स्वीकृत कर सकते हैं। किसी संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्य की कुल लागत में से 30 फीसदी राशि विधायक कोष से विधायक द्वारा अभिशंषित की जा सकती है। इससे अधिक राशि की सक्षम स्तर से ही स्वीकृति दी जा सकती है।

## सिविल सेवा दिवस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देंगे पुरस्कार

# आज सम्मानित होंगे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अफसर व विभाग

- सीएम एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित होंगे तीन विभाग व छह अधिकारी
- राजस्थान संपर्क पुरस्कार से सम्मानित होंगे चार विभाग व नौ अधिकारी

**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान सरकार की ओर से सिविल सेवा दिवस- 2025 के अवसर पर सोमवार को विभिन्न श्रेणियों में गुड गवर्नेंस में योगदान देने वाले ब्यूरोक्रेट्स को सीएम एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। एचसीएम रीपा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और विभागों को पुरस्कार प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड-2025 की श्रेणी में



3 विभागों को और छह व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें राइजिंग राजस्थान की सफलता और निवेश लाने पर उद्योग विभाग को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राजस्थान संपर्क पुरस्कार दिए जाएंगे, जिसमें संपर्क पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नौ अधिकारियों और चार विभागों को सम्मानित किया जाएगा।

### इन्हें मिलेगा मुख्यमंत्री एक्सीलेंस अवार्ड

#### विभागवार ये अधिकारी लेंगे पुरस्कार

- 1. उद्योग विभाग- अजिताभ शर्मा, प्रमुख शासन सचिव।
- 2. पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग- देवराज, निदेशक
- 3. आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर- डॉ. विपिन माथुर, प्राचार्य

#### प्रशासन व पुलिस के अधिकारी

- 1. प्रज्ञा केवलरमानी, संभागीय आयुक्त, उदयपुर
- 2. शुभम चौधरी, जिला कलेक्टर, सवाई माधोपुर
- 3. धीरज कुमार सिंह, सीईओ, जिला परिषद, जोधपुर
- 4. अनिल कुमार बेनीवाल, पुलिस अधीक्षक, सिरोही
- 5. मानस सिंह, डीसीएफ वन्यजीव, भरतपुर
- 6. सुमन मालीवाल, अधीक्षक, जेल, बीकानेर

### राजस्थान संपर्क पुरस्कार से ये होंगे सम्मानित

सिविल सेवा दिवस पर राजस्थान संपर्क पुरस्कार के तहत वर्ष 2024 में नागरिक सेवा में अनुकरणीय प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें विभागीय श्रेणी में आईएएस वैभव गालरिया, रुक्मणी रियार, सुरेश कुमार ओला और प्रियंका गोस्वामी विभागीय पुरस्कार प्राप्त करेंगे। वहीं, व्यक्तिगत पुरस्कार में आईएएस आशीष गुप्ता, अजय सिंह राठौर, गौरव अग्रवाल, चिन्मयी गोपाल, कमर उल जमान चौधरी, बाल मुकुंद असावा, निशांत जैन, अंजलि राजोरिया व डॉ. इंद्रजीत यादव को पुरस्कार दिया जाएगा।

## पूर्व सीएम गहलोत ने लिखा सीएम भजनलाल को पत्र

# RTE में स्कूलों में फिर शुरू करें 9वीं से 12वीं तक निशुल्क शिक्षा

- पूर्व सीएम ने लिखा- योजना अघोषित रूप से कर दी बंद
- स्कूलों को पुनर्भरण नहीं होने से योजना की अनुपालना बंद
- मुख्यमंत्री बालक फीस पुनर्भरण योजना रखी जाए जारी

**बेधड़क | जयपुर**

सरकार द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत कक्षा 8 वीं के बाद भी निशुल्क शिक्षा देने के लिए शुरू की गई योजना को जारी रखने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल को पत्र लिखा है।

गहलोत ने कहा है कि बजट 2023-24 में शुरू की गई मुख्यमंत्री बालक फीस पुनर्भरण योजना में निजी स्कूलों को पुनर्भरण राशि नहीं देने से निजी विद्यालय 8वीं कक्षा के बाद इस योजना में प्रवेश नहीं दे रहे हैं, जिसके कारण यह योजना अघोषित रूप से बंद हो गई है। इससे बड़ी संख्या में गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार परेशान हो रहे हैं।

गहलोत ने लिखा कि इस योजना को सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल कर आरटीई के तहत 9वीं से 12वीं तक बालक-बालिकाओं की निशुल्क शिक्षा जारी रखी जाए।



### कांग्रेस कार्यकाल में लागू की थी योजना

योजना को लेकर गहलोत ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शिक्षा के स्तर को और बढ़ाने के लिए शिक्षा के अधिकार कानून की तर्ज पर राज्य स्तरीय योजना बनाई। पहले बालिकाओं के लिए इंदिरा शक्ति फीस पुनर्भरण योजना लाई गई, जिसमें बालिकाओं के लिए आरटीई की तरह ही 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा निशुल्क की गई। वहीं, मुख्यमंत्री बालक फीस पुनर्भरण योजना में बालकों को भी आरटीई की तरह 9वीं से 12वीं तक की शिक्षा निशुल्क देना तय किया। फीस का पुनर्भरण निजी विद्यालयों को राज्य सरकार द्वारा देना तय हुआ था।

### आरटीई में अनियमितताओं का लगाया आरोप

गहलोत ने आरटीई के तहत प्रवेश को लेकर निजी स्कूलों की मनमर्जी चलने का आरोप लगाया। गहलोत ने कहा कि यह जानकारी भी आई है कि कई निजी विद्यालय आरटीई के तहत प्रवेश लेने वाले गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों के साथ भेदभाव करते हैं। इन विद्यार्थियों की ट्यूशन फीस तो माफ की जाती है, परन्तु आरटीई में प्रावधान होने के बावजूद स्कूल यूनिफॉर्म, एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों, खेल व अन्य गतिविधियों के लिए फीस ली जाती है, जिसे देने में परिजन असमर्थ होते हैं। गहलोत ने सीएम भजनलाल से इस संबंध में भी विद्यालयों को पाबंद करने का आग्रह किया।

## उच्च न्यायालय का आदेश

# ओबीसी के अभ्यर्थी की जगह जनरल को नियुक्ति, हाई कोर्ट ने की रद्द



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान आवासन मंडल जयपुर में विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) पद पर ओबीसी की सीट पर जनरल अभ्यर्थी की नियुक्ति को हाई कोर्ट ने रद्द करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा है कि ओबीसी की सीट पर जनरल को नियुक्ति नहीं दी जा सकती है।

अगर ओबीसी का कोई योग्य अभ्यर्थी नहीं भी है, तो उसे इसी श्रेणी के लिए रिजर्व रखते हुए खाली रख सकते हैं, लेकिन ओबीसी के स्थान पर जनरल को नियुक्ति नहीं दी जा सकती है।राजस्थान हाई कोर्ट के जस्टिस आनंद शर्मा ने ओबीसी अभ्यर्थी जसलोक यादव की याचिका पर सुनवाई करते हुए आवासन मंडल को आदेश दिया है कि अभ्यर्थी को ओबीसी श्रेणी के तहत नियुक्ति नहीं देना गैरकानूनी है। इसलिए अभ्यर्थी को ओबीसी कैटेगरी के तहत मिलने वाले सभी लाभों सहित कनिष्ठ विधि अधिकारी पद पर नियुक्ति दी जाए। याचिकाकर्ता के एडवोकेट कुणाल रावत, आराधना स्वामी, धृति शर्मा ने बताया कि वर्ष 2023 में विधि सहायक (कनिष्ठ विधि अधिकारी) पद के लिए विज्ञप्ति जारी की गई थी, जिसमें नौ पद स्वीकृत किए गए। 5 पद जनरल, 1 पद जनरल महिला, 1 पद अनुसूचित जाति, 1 पद अनुसूचित जनजाति व 1 पद ओबीसी के लिए तय किया गया था। विज्ञप्ति में ओबीसी के लिए एक पद रिजर्व था।

कुल नौ पदों के लिए विभाग को तीन गुणा अभ्यर्थी पास करते हुए कुल 27 अभ्यर्थियों को पास करना था, लेकिन कुल 26 अभ्यर्थियों को परिणाम में शामिल किया गया, जबकि विज्ञप्ति के आधार पर अभ्यर्थी जसलोक यादव ने ओबीसी श्रेणी में 60% लाकर परीक्षा उत्तीर्ण की, लेकिन इस श्रेणी में ओबीसी उम्मीदवार होते हुए भी नियुक्ति नहीं दी गई, जबकि ओबीसी कैटेगरी में जनरल को नियुक्ति दे दी गई।

# अब कोई बच्चा शिक्षा से नहीं रहेगा दूर शुरू करेंगे चल विद्यालय: मंत्री दिलावर

**बेधड़क, जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि राजस्थान में अब कोई भी बच्चा शिक्षा से दूर नहीं रहेगा। सरकार खासतौर पर घुमंतू जातियों के बच्चों के लिए जल्द ही चल विद्यालय शुरू करेंगी।

वे रविवार को चेन्नई में राजस्थानी प्रवासी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। दिलावर ने कहा कि प्रदेश में 70 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूल हैं, लेकिन कई बच्चे ऐसे हैं, जो घर-परिवार के साथ घूमते रहते हैं और एक जगह पढ़ाई नहीं कर सकते। ऐसे बच्चों के लिए ये चल विद्यालय होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले डेढ़ साल में स्कूलों में कई नए बदलाव किए हैं। बच्चों को अब डिजिटल माध्यम से पढ़ाई करवाई जा रही है। जहां टीचरों की कमी थी, वहां नए शिक्षक लगाए जा रहे हैं। अब स्कूलों में एआई जैसी नई तकनीक की पढ़ाई भी शुरू की जा रही है, ताकि बच्चे समय के साथ आगे बढ़ सकें। सम्मेलन के बाद शिक्षा मंत्री बेंगलुरु पहुंचे, जहां वे कर्नाटक में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों से मिलेंगे। वे 22 अप्रैल को जयपुर लौटेंगे।



*चेन्नई में प्रवासी सम्मेलन को संबोधित करते मंत्री मदन दिलावर।*

### जयपुर में बन रहा है भामाशाह भवन

सरकार अब जयपुर में भामाशाह भवन बना रही है, जहां से पूरे राजस्थान में फैले उन सरकारी स्कूलों की निगरानी होगी, जिनका नाम भामाशाहों के नाम पर रखा गया है। ऐसे 750 से ज्यादा स्कूल हैं। इन स्कूलों में क्या-क्या हो रहा है, इसकी जानकारी भामाशाह पत्रिका के जरिए साल में एक बार भामाशाहों तक पहुंचाई जाएगी। 1350 से अधिक बालिका विद्यालयों को भी निखारना है। सरकार चाहती है कि ये स्कूल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनें। इनकी हर महीने समीक्षा की जाएगी, ताकि भामाशाहों की मंशा के अनुसार इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

## विकास कार्यों को लेकर बड़ा फैसला

# अब सभी निकायों में एक समान दर पर होंगे काम

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान सरकार ने शहरी विकास से जुड़े कार्यों को लेकर बड़ा फैसला लिया है। अब प्रदेश के सभी प्राधिकरणों और नगरीय सुधार न्यास में विकास कार्यों के लिए एक समान दर लागू की जाएगी। यह पहली बार है, जब सभी निकायों में विकास कार्यों के लिए समान रेट तय किए गए हैं। प्रमुख सचिव आवासन वैभव गालरिया ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार अब प्रदेशभर के सभी निकायों में पीडब्ल्यूडी की बेसिक शेड्यूल रेट लागू की जाएगी। विकास कार्य सर्किलवार वर्तमान में लागू बीएसआर के आधार पर होंगे। राज्य सरकार के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पीडब्ल्यूडी, आरयूआईडीपी और पीएचईडी की बीएसआर के अनुसार ही संबंधित विकास कार्य किए जाएंगे।

### अभी तक थीं अलग-अलग दरें

अब तक राज्य के विभिन्न प्राधिकरणों और नगरीय सुधार न्यास ने अपने स्तर पर अलग-अलग बीएसआर लागू कर रखी थी। इससे न केवल भ्रम की स्थिति पैदा होती थी, बल्कि विकास कार्यों की गुणवत्ता और लागत में भी अंतर आता था। अब सरकार के इस आदेश से सभी निकायों में समान रूप से कार्य होंगे और पारदर्शिता बढ़ेगी। इस कदम को सरकार की विकास कार्यों में एकरूपता लाने की दिशा में बड़ी पहल माना जा रहा है। साथ ही, इससे निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग और गुणवत्ता नियंत्रण भी आसान होगा।

## बेधड़क TOON




-शेखर

## ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस के विरोध पर मदन राठौड़ ने साधा निशाना

# करोड़ों की जमीन लाखों में लेने वाले जमानत पर हैं... जेल जाएंगे

- अंदरूनी झगड़े से ध्यान भटकाने के लिए आनन-फानन में कार्रवाई की

**बेधड़क | जयपुर**

नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी की ओर से कांग्रेस चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ चार्जशीट पेश करने के विरोध में सियासत गरमाई हुई है। कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं, 25 अप्रैल को कांग्रेस नेताओं की पेशी के दौरान राजस्थान के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दिल्ली कूच करने की चेतावनी दी है। ईडी की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने निशाना साधते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी और राबर्ट वाड्रा जेल जाएंगे। उन्होंने मनी लॉन्ड्रिंग कर करीब 500 करोड़ की संपत्ति 50 लाख में हड़पी है। इस मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रॉबर्ट वाड्रा जमानत पर हैं। वे जांच के बाद जेल जाएंगे। इधर, राठौड़ के बयान पर डोटासरा ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी और इनकम टैक्स का ये मिस यूज कर रहे हैं। ये इनके झगड़े हैं, बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष इनसे बन नहीं पा रहा है। आरएसएस में और इनमें झगड़ा है, इन सब बातों से ध्यान बंटाने के लिए आनन-फानन में कोर्ट में चार्जशीट पेश कर दी है, जो कोर्ट में टिकेगी नहीं।


### पीसीसी चीफ डोटासरा ने सीएम के दौरों को लेकर कसा तंज



डोटासरा ने मुख्यमंत्री भजनलाल के दौरों को लेकर कहा कि मुख्यमंत्री पर कोई न कोई तकलीफ आने वाली है। इसलिए उन्होंने आनन-फानन में प्रदेश में दौरे का कार्यक्रम बनाया है, लेकिन उसमें लोग आ नहीं रहे हैं। मुख्यमंत्री के बारे में क्या कहूं, जनता जान चुकी है कि सीएम स्वयंभू भागीरथ बनकर कभी शेखावटी में आभार प्रकट करवा रहे हैं। कभी देव दर्शन यात्रा कर रहे हैं। उनके दिल्ली दौरे भी ज्यादा हो रहे हैं। डोटासरा ने यमुना जल समझौते को लेकर कहा कि विधानसभा में सीएम ने फरवरी 2024 में कहा था कि 4 महीने में डीपीआर बनेगी और यमुना जल आएगा। डीपीआर बनी नहीं, और अब कह रहे हैं कि अफसरों के साथ मीटिंग करेंगे।

### डोटासरा पहले अपनी पार्टी तो संभालें

डोटासरा द्वारा बीते दिनों मदन राठौड़ को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार करते हुए मदन राठौड़ ने कहा कि डोटासरा पहले अपनी पार्टी तो संभाल लें। मेरी पार्टी का मैं सत्यानाश कर रहा हूं, या कुछ और कर रहा हूं, यह मेरी चिंता है। डोटासरा अपना घर संभालें, दूसरे के घर में ताक-झांक करना अच्छी आदत नहीं है। वहीं, राठौड़ ने भाजपा सरकार की ओर से किए गए कार्यों की सराहना करते हुए नए वक्फ कानून को मुसलमानों के हित में बताया। उन्होंने कहा कि यह कानून ठीक बना है। मैनेजमेंट में कोई गैर मुस्लिम नहीं है।



### अभियंता संवर्ग की भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी

**बेधड़क, जयपुर।** राजस्थान के पांच विद्युत निगमों में अभियंता संवर्ग की भर्ती के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को 26 से 29 अप्रैल के बीच चम्बल रेस्ट हाउस, हवा सड़क, सोडाला पुलिस थाने के पास, जयपुर में दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। परीक्षा परिणाम को ऊर्जा विभाग और पांचों विद्युत निगमों की वेबसाइटों पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपने प्राप्तांक और चयन की स्थिति निगमों की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। बता दें, परीक्षा 11 और 12 अप्रैल को ऑनलाइन माध्यम से आयोजित की गई थी।

## अमेरिका के उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर में शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी, आज रात पहुंचेंगे जयपुर


# पिंकसिटी स्वागत को तैयार, वेंस... ‘पधारो म्हारे देश’



- रामबाग पैलेस में ठहरेंगे वेंस, रात में लेंगे समारोह में भाग
- 8 आईपीएस, 2200 पुलिसकर्मी और 3 ईआरटी टीम सुरक्षा में तैनात

**बेधड़क** | जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस अपने चार दिवसीय भारत दौरे के तहत सोमवार रात 9:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उनके साथ उनकी पत्नी उषा चिलुकुरी वेंस और तीनों बच्चे भी विशेष विमान से जयपुर आएंगे। इस दौरे को लेकर जयपुर प्रशासन और पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। ‘पधारो म्हारे देश’ की भावना के साथ गुलाबी नगर विदेशी मेहमानों के स्वागत में सजाया गया है। वेंस रात 10 बजे रामबाग पैलेस होटल पहुंचेंगे, जहां वह एक समारोह में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। वेंस की सुरक्षा को लेकर जयपुर पुलिस ने सख्त बंदोबस्त किए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में 8 आईपीएस, 23 एडीसीपी, 40 एसीपी, 300 इंस्पेक्टर, 2200 से अधिक पुलिसकर्मी, 2 आरएसी कंपनियां और 3 ईआरटी टीमें तैनात की जाएंगी। रविवार को सुरक्षा दल ने आने-जाने के रूट पर जेएनएल मार्ग, रामनिवास बाग, आरआईसी और आमेर तक रिहर्सल की। रिहर्सल दोपहर 1 बजे से शाम 7 बजे तक चली। दिनभर शहर की सड़कों पर सुरक्षा दस्ते की गाड़ियां दौड़ती रहीं। जगह-जगह यातायात भी रोका गया। बता दें कि अमेरिकी उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन की ओर से संस्कृतिक कार्यक्रमों और परंपरागत स्वागत की भी खास व्यवस्था की गई है।



*अमेरिकी उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों के बीच रविवार को आमेर से जेएलएन मार्ग पर सुरक्षा दलों ने रिहर्सल की। फोटो: पंकज शर्मा*

### अल्प समय के लिए रोका जाएगा यातायात

उपराष्ट्रपति जेम्स डेविड वेंस के जयपुर दौरे के दौरान अल्प समय के लिए यातायात को रोका जाएगा। वेंस का काफिला जेएलएन मार्ग पर एयरपोर्ट से रामनिवास बाग, चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, हवामहल, सुभाष चौक से आमेर तक, ओटीएस चौराहा से केवी-3 तिराहा से गुजरेगा। इस दौरान इन मार्गों पर अल्प समय के लिए यातायात को रोका जाएगा। दौरे के समय इन मार्गों पर पार्किंग निषेध रहेगी।

### अतिरिक्त समय लेकर पहुंचें अभ्यर्थी

21 व 24 अप्रैल के बीच शहर में आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के मद्देनजर अभ्यर्थी अतिरिक्त समय लेकर परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचें। साथ ही समानान्तर मार्गों का उपयोग करने का प्रयास करें।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति का कार्यक्रम

**22 अप्रैल** चंदा और पुष्पा करेंगी स्वागत

- जेडी वेंस 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे आमेर महल का लगभग ढाई घंटे भ्रमण करेंगे। जहां पर राजशाही अंदाज में हथिनी चंदा और पुष्पा सबसे पहले उनका स्वागत करेंगी। इसके लिए आमेर के हाथी गांव में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। बता दें कि हथिनी चंदा और पुष्पा को उपराष्ट्रपति के स्वागत में खासतौर पर 350 साल पुराने 62 लाख के चांदी के गहने पहनाए जाएंगे और राजस्थान श्रृंगार से उन्हें सजाया जाएगा।
- आमेर फोर्ट के अलावा उपराष्ट्रपति पन्ना मीणा कुंड और अनोखी म्यूजियम का दौरा भी करेंगे।
- दोपहर पौने तीन बजे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में उनका संबोधन होगा, जहां वे भारत-अमेरिका संबंधों पर बात करेंगे।
- इसके बाद वेंस राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उद्योग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ से मुलाकात करेंगे।

**23 अप्रैल** आगरा और सिटी पैलेस का दौरा

23 अप्रैल को सुबह 9 बजे जेडी वेंस सपरिवार विशेष विमान से आगरा रवाना होंगे, जहां वे ताजमहल का दीदार करेंगे और दोपहर में जयपुर लौटने के बाद दो बजे सिटी पैलेस जाएंगे। वहां उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी उनका स्वागत करेंगी।

**24 अप्रैल** वापस लौटेंगे वॉशिंगटन डीसी

भारत दौरा पूरा कर अमेरिका के उपराष्ट्रपति 24 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे विशेष विमान से वॉशिंगटन डीसी के लिए रवाना होंगे।

### आरआईसी में बिजनेस समिट को करेंगे संबोधित

अमेरिका में नई सरकार बनने के बाद ऐसा पहली बार हो रहा है, जब कोई प्रमुख व्यक्ति भारत के दौरे पर आ रहा है। ऐसे में राजस्थान को चुनना अपने आप में एक बड़ी बात है। आरआईसी में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस यूएस-इंडिया ट्रेड को लेकर एक महत्वपूर्ण संबोधन देंगे, जो टैरिफ वॉर के बीच एक बड़ा कदम हो सकता है। साथ ही व्यापार, क्षेत्रीय सुरक्षा और समग्र द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार सहित कई प्रमुख मुद्दों पर बातचीत करेंगे। वर्ष 2013 में जो बाइडन की भारत यात्रा के बाद वेंस की यह यात्रा, एक दशक से अधिक समय में किसी अमेरिकी उपराष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा है।



“ उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आने-जाने वाले रूट पर पुलिस जाब्ते के साथ-साथ संदिग्ध गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी।

**डॉ. रामेश्वर सिंह,** एडिशनल कमिश्नर जयपुर

---

### जरूरी खबर

### SOG ने चयनित प्लाटून कमांडर को किया अरेस्ट



**बेधड़क,जयपुर।** एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने रविवार को एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए चयनित प्लाटून कमांडर को गिरफ्तार किया है। एडीजी वीके सिंह के अनुसार, तृतीय बटालियन आरएसी बीकानेर में तैनात प्लाटून कमाण्डर मदनलाल, निवासी लोहावट फलौदी को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि मदनलाल ने परीक्षा में खुद की जगह डमी कैंडिडेट से पेपर दिलवाया था, जिससे उसका चयन प्लाटून कमांडर पद पर हुआ। अब एसओजी आरोपी से डमी कैंडिडेट के बारे में पूछताछ कर रही है। इस घोटाले में एसआईटी अब तक 50 प्रशिक्षु व 6 चयनित एसआई सहित कुल 101 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### आईपीएल पर सट्टा लगाते 5 सटोरिए गिरफ्तार



**बेधड़क, जयपुर।** ईस्ट जिले की डीएसटी टीम ने मोती डूंगरी थाना क्षेत्र में छापा मारकर आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते हुए पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरमीत सिंह डिम्पल के 20 दुकान स्थित मकान में सट्टा चला रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3 लैपटॉप, 18 एंड्रॉयड मोबाइल, 11 की-पैड फोन, 2 कार, 2 स्कूटी, 6.54 लाख रुपए नकद और अलग-अलग देशों की विदेशी मुद्रा के 44 नोट बरामद किए हैं। डीसीपी ईस्ट तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रभजीत सिंह उर्फ रिंकू, गगनदीप सिंह, योगेश लखारा, राहुल सक्सेना और अभिषेक जैन शामिल हैं। सभी पर पूर्व में भी सट्टे से जुड़े मामले दर्ज हैं। प्रभजीत सिंह पर कानपुर के नजीराबाद थाने में हत्या का मामला भी दर्ज है।

---

## पीएचईडी एसई के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला...

# एसई के बेटे के नाम 5 जगहों पर मार्बल-ग्रेनाइट की खानें

- खनिज लीजों के संचालन के लिए खरीदी करोड़ों रुपए की मशीनें
- पत्नी के नाम पर भी करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी, बैंक लॉकरों का पता चला

**बेधड़क** | जयपुर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर अशोक जांगिड़ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की जांच में सामने आया कि एसई अशोक जांगिड़ ने 27 वर्ष की नौकरी में ठेकेदारों से मिलीभगत कर करोड़ों रुपए की अकूत संपत्ति जुटाई है। सर्च में अशोक कुमार के नाम जयपुर और पावटा में मकान, पावटा के कैमरिया गांव में फार्महाउस मिला है।

पत्नी के नाम जयपुर के बनीपार्क और बिंदायका में दुकानें हैं। बेटे निखिल के नाम उदयपुर, मालपुरा, अजमेर और बुचारा पावटा में 5 खनिज लीज और श्रीमाधोपुर में कॉमर्शियल जमीन है। इन परिसंपत्तियों की खरीद और निर्माण में करोड़ों रुपए खर्च किए गए। एसीबी को खनिज लीजों में क्रेशर, पोकलेन, एलएंडटी, डंपर और आईआर ब्लास्टिंग जैसी भारी मशीनें मिलीं हैं। परिवार के 22 बैंक खातों में करीब 21 लाख रुपए जमा मिले। इसके साथ ही बेटा-बेटी की शिक्षा, कोचिंग और उच्च शिक्षा पर करीब 30 लाख रुपए खर्च करना सामने आया है।



### सब रजिस्ट्रार ऑफिस और खनिज विभाग से रिकॉर्ड जब्त

डीएसपी परमेश्वरलाल ने बताया कि टीम ने अशोक कुमार जांगिड़ के गुलमोहर लेन-द्वितीय वैशालीनगर जयपुर स्थित मकान, बनीपार्क और बिंदायका की दुकानें, पावटा बस स्टैंड के पास निवास, कैमरिया स्थित फार्महाउस, बुचारा, जावद, कोच्छला, नगर टोंक, लक्ष्मीपुरा सरवाड़ अजमेर की खनिज लीजों, बांसवाड़ा स्थित कार्यालय और निवास पर सर्च किया है। इसके साथ ही खनिज विभाग और सब रजिस्ट्रार कार्यालयों से रिकॉर्ड भी जब्त किया है।

### अफसरों-ठेकेदारों का चलता है गठजोड़

अफसरों-ठेकेदारों के गठजोड़ व एसई जांगिड़ पर कार्रवाई के बाद पीएचईडी विभाग एक बार फिर चर्चा में आ गया है। विभाग के चीफ इंनीनियर भी पूर्व में ट्रैप हो चुके हैं। यहां जल जीवन मिशन में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ था। घोटाले को लेकर कई अफसरों के खिलाफ एसीबी में एफआईआर दर्ज हुई हैं। जलदाय मंत्री विधानसभा में इस बात को स्वीकार कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि ठेकेदारों से गठजोड़ के चलते ही जांगिड़ ने अकूत संपत्ति इकट्ठा की है।

### बेटे की शादी में खर्च किए 30 लाख

एसीबी ने बताया कि जांच के अनुसार एसई जांगिड़ की ओर से बेटे की शादी में करीब 30 लाख रुपए खर्च करने के दस्तावेज, अनेक बीमा पॉलिसियों में निवेश, दो बैंक लॉकर भी मिले हैं। बैंक लॉकरों की तलाशी लिया जाना शेष है। हाल ही में आरोपी ने 20 लाख रुपए की ज्वैलरी भी खरीदी है।

---

### ममता सरकार के खिलाफ जताया आक्रोश

## मुर्शिदाबाद हिंसा के विरोध में कैंडल मार्च



*सिटी पार्क में कैंडल मार्च निकालते विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग।*

**बेधड़क** | जयपुर

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में वक्फ संशोधन अधिनियम की आड़ में हिंदू समाज पर हुए कथित हमलों और हिंसा के विरोध में रविवार को मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में अखिल भारतीय सर्व समाज सनातन समिति के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकाला गया। विरोध प्रदर्शन में युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बंगाल सरकार और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बंगाल में हिंदुओं की हत्या हो रही हैं, इस वजह से मजबूर होकर वे अपने घरों को छोड़कर पलायन कर रहे हैं। समिति ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो देशभर में व्यापक आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मामले में वैशाली नगर स्थित आम्रपाली सर्किल पर समाजसेवियों व स्थानीय नागरिकों ने दिनभर धरना प्रदर्शन किया। धरने में समाजसेवी धनंजय सिंह, मोतीराम चोपड़ा, महेंद्र लोहिया सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## राजस्थान हाई कोर्ट से राज्य सरकार को मिली बड़ी राहत

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान सरकार को हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट के जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने पुरानी विधानसभा, पुराना पुलिस मुख्यालय और जलेबी चौक की जमीनों पर किए गए दावे खारिज कर दिए हैं। यह आदेश राज्य सरकार के पक्ष में आया है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता भरत व्यास और एडवोकेट कपिल व्यास ने प्रभावी पैरवी की। कोर्ट के इस फैसले से सरकार को इन प्रमुख जमीनों पर स्वामित्व को लेकर बड़ी कानूनी जीत हासिल हुई है।

---

### आरसीए और राजस्थान क्रीड़ा परिषद फिर आमने-सामने

# IPL से आरसीए को दूर रखना खेल विरोधी साजिश: बिहाणी

- राजस्थान रॉयल्स और क्रीड़ा परिषद पर लगाए आरोप

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष और विधायक जयदीप बिहाणी ने जयपुर में हो रहे आईपीएल मैचों को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा कि “खेल को खेल ही रहने दो, निजी और अन्य हितों की साजिशों से इसे नुकसान मत पहुंचाओ।’ शनिवार को दिए बयान में उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने सरकार द्वारा गठित आरसीए की एडहॉक कमेटी को आईपीएल आयोजन से पूरी तरह



दूर रखा, जो खेल हितों के विरुद्ध है। बिहाणी ने कहा कि आईपीएल की मेजबानी में आरसीए की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जिसमें पिच क्यूरेटर, ग्राउंड स्टाफ और अत्याधुनिक उपकरणों की मदद से स्टेडियम की तैयारी की जाती है। बावजूद इसके, आरसीए को न तो उसका श्रेय दिया गया और न ही मुआवजा।

### एक्रीडेशन कार्ड और पास वितरण में पक्षपात

बिहाणी ने कहा कि इस बार आरसीए को न सिर्फ आयोजन से अलग रखा गया, बल्कि एक्रीडेशन कार्ड जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं से भी वंचित किया गया। एक जिला क्रिकेट संघ के सचिव को मनमाने ढंग से कार्ड दिए गए, जबकि आरसीए से जुड़े कई सदस्यों को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि हर साल आईपीएल आयोजनों में आरसीए सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पूर्व खिलाड़ियों और जिला संघों को कम्प्लीमेंटरी पास देता आया है। लेकिन इस बार क्रीड़ा परिषद ने आयोजन से आरसीए को अलग रखकर मैच पास का मनमाना वितरण किया और खेल की गरिमा को ठेस पहुंचाई।

### वित्तीय अनियमितताओं पर सवाल

एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष बिहाणी ने यह भी आरोप लगाए कि पूर्व कार्यकारिणी के दौरान हुई वित्तीय अनियमितताओं की जांच के बाद 368 पन्नों की ऑडिट रिपोर्ट तैयार कर एफआईआर दर्ज कराई गई थी। लेकिन अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने सवाल उठाया कि अगर क्रीड़ा परिषद इतनी ही सजग है, तो फिर एफआईआर पर अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

### आरआर के मैच हारने पर सट्टे के आरोप

आरसीए की एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष जयदीप बिहाणी ने शनिवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच हुए मैच पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि राजस्थान जैसी मजबूत टीम जीता हुआ मैच कैसे हार गई, यह संदेहास्पद है। बिहाणी ने इसे आरसीए को क्रिकेट से दूर करने की साजिश बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने एडहॉक कमेटी के कार्यों से संतुष्ट होकर उसका कार्यकाल पांच बार बढ़ाया है, ऐसे में उसे केवल चुनाव के लिए बनाई गई बताना गलत है।

### आईपीएल के बाद शुरू होगी चुनाव प्रक्रिया

इंडियन प्रीमियर लीग के समापन के साथ ही राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की चुनाव प्रक्रिया फिर से शुरू होने की संभावना है। आरसीए के कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने सभी जिला क्रिकेट संघों से मौजूदा पदाधिकारियों की सूची मांगी है। बताया जा रहा है कि एडहॉक कमेटी जल्द ही चुनाव करवाने की दिशा में काम कर रही है। इस बार अध्यक्ष पद की दौड़ में स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के पुत्र धनंजय सिंह सबसे आगे माने जा रहे हैं। धनंजय सिंह नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। एक साल पहले जिला संघों की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष भी बनाया गया था। वहीं विक्रम देवासी और पराक्रम सिंह राठौड़ जैसे अन्य नेता पुत्र भी प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं।

## जरूरी खबर

### बहरोड़ की लक्षिता ने जीता कांस्य पदक... स्वागत



**नीमराना।** जाट बहरोड़ गांव की बेटी लक्षिता चौधरी ने सऊदी अरब में आयोजित यूथ एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता है। लक्षिता की उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल रहा। लक्षिता के भारत लौटने पर जयपुर एयरपोर्ट पर स्वागत किया गया। परिजनों, कोच, खेल विभाग के अधिकारियों और खिलाड़ियों ने फूल-मालाओं से लक्षिता का गर्मजोशी से अभिनंदन किया।

### पत्नी की दूसरी शादी से दुखी पति टावर पर चढ़ा

**हनुमानगढ़।** जिले के संगरिया थाना क्षेत्र के गांव लंबी ढाब में पत्नी की दूसरी शादी से परेशान पति रविवार सुबह मोबाइल टावर पर चढ़ गया। जानकारी के अनुसार 6 एनटीडब्ल्यू रोही नाथवाना निवासी सुभाष (32) की शादी 11 साल पहले हुई थी। शादी के तीन साल बाद पत्नी अपने पीहर चली गई और वापस नहीं लौटी। उसने बताया कि उसकी पत्नी ने किसी और से विवाह कर लिया है। इससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया और टावर पर चढ़ गया। प्रशासन की समझाइश से करीब तीन घंटे बाद युवक नीचे उतरा।

### महिला की हत्या, पैर काटकर ले गए चांदी के कड़े



**सवाई माधोपुर।** जिले के बामनवास उपखंड के जाहिरा गांव में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने लूट के लिए एक महिला की निर्मम हत्या कर दी। बदमाशों ने उर्मिला मीणा के दोनों पैर काट कर चांदी के कड़े निकाल लिए और गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश फैल गया। उन्होंने बस स्टैंड पर का शव रखकर हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्रामीणों के प्रदर्शन के कारण इलाके में तनाव का माहौल है। इस बीच जयपुर से एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंच साक्ष्य जुटाए।

## अजमेर में पंचकल्याण महोत्सव का शुभारंभ... मंडप उद्घाटन और वेदी शुद्धि के साथ जप हुए शुरू

# घटयात्रा... ध्वजारोहण के साथ रही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

**बेधड़क** | अजमेर

यहां जैसवाल जैन समाज द्वारा निर्मित श्री जिनशासन तीर्थ क्षेत्र में 41 साधु-साध्वियों के सान्निध्य में रविवार से पंचकल्याणक महोत्सव की शुरुआत हुई। इस महोत्सव में शामिल होने देशभर से धर्मावलंबी यहां पहुंच रहे हैं, इनमें धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। पंच कल्याणक महोत्सव के पहले दिन रविवार को सुबह देव आज्ञा, गुरु आज्ञा और प्रतिष्ठाचार्य निमंत्रण के बाद घटयात्रा निकाली गई। इसके बाद समाज के लोगों की मौजूदगी में केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ



*पंच कल्याणक महोत्सव के तहत घटयात्रा निकालती महिलाएं।*

चौधरी ने ध्वजारोहण किया। मंडप उद्घाटन, वेदी शुद्धि के साथ जप शुरू हुए। साथ ही आचार्य वसुनंदी महाराज का मंगल प्रवचन हुआ। इसके बाद नित्य नियम पूजा, सकलीकरण, इन्द्र प्रतिष्ठा नान्दी विधान एवं मंडप प्रतिष्ठा के कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिनमें श्रद्धालुओं ने उत्साह से हिस्सा लिया। दोपहर बाद को यागमंडल



*ध्वजारोहण करते केंद्रीय मंत्री चौधरी, साथ हैं आचार्य व अन्य।*

विधान, सीमंतनी क्रिया (माता की गोद भराई) के अनुष्ठान हुए। पंचकल्याणक महोत्सव के तहत 25 अप्रैल तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ शोभायात्रा व जुलूस भी निकाले जाएंगे। 23 अप्रैल को जेनेश्वरी दीक्षा होगी।

### कुबेर द्वारा रत्न वृष्टि के साथ हुए अन्य कार्यक्रम

शाम को 7.15 बजे मंगल आरती एवं प्रवचन का आयोजन हुआ। रात्रि 8.15 बजे इन्द्र दरबार, कुबेर द्वारा रत्नवृष्टि, माता मरुदेवी की सेवा, सोलह स्वप्न दर्शन व नृत्य कार्यक्रमों में धर्मावलंबी उत्साह और श्रद्धा से शामिल हुए। वहीं, रात्रि 9.30 बजे महाराज नाभिराय का दरबार, राज्य व्यवस्था स्वप्नों का फलादेश, माता मरुदेवी की आरती, गीत नृत्य, तत्वचर्चा, छप्पन कुमारियों द्वारा भेंट, समर्पण के साथ ही गर्भ कल्याणक आंतरिक क्रियाएं की गईं।

### सोमवार के कार्यक्रम

- प्रात : 5.45 बजे अभिषेक, नित्यमह पूजा, गर्भ कल्याणक पूजा एवं हवन
- प्रात: 7.15 बजे: आदिनाथ का जन्म, जन्मोत्सव, जन्मातिशय आरोपण व बधाइयां।
- प्रात: 9.15 बजे: आचार्य का मंगल प्रवचन।
- प्रात: 9.30 बजे: सौधर्म इन्द्र द्वारा अयोध्या नगरी की प्रदक्षिणा, इन्द्राणी का तीर्थंकर बालक को लाना व सौधर्म द्वारा दर्शन।
- प्रातः 10.30 बजे: ऐरावत हाथी पर पाण्डुक शिला की ओर जन्म कल्याणक की भव्य शोभायात्रा व 1008 कलश जन्माभिषेक शचि द्वारा तीर्थंकर बालक आदिनाथ का शृंगार एवं आदिनाथ को माता-पिता को सौंपना।
- सायं 7.15 बजे: प्रवचन एवं मंगल आरती।
- रात्रि 8.15 बजे: तांडव नृत्य, आदिनाथ का पालना, बालक्रीड़ा का मनोहारी प्रदर्शन।

## अजमेर: सेशन कोर्ट के नए भवन का उद्घाटन, सीजे बोले...

# विकसित समाज के लिए निष्पक्ष व स्वतंत्र न्यायिक व्यवस्था जरूरी

- हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एमएम श्रीवास्तव रहे मुख्य अतिथि
- 22 बीघा में 150 करोड़ में बना हाईटेक भवन

**बेधड़क** | अजमेर

राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनींद्र मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि निष्पक्ष, स्वतंत्र और निर्भीक न्यायिक व्यवस्था किसी भी आधुनिक और विकसित समाज के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायिक व्यवस्था समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसका सशक्त, पारदर्शी तथा जवाबदेह होना आवश्यक है। राजस्थान हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस श्रीवास्तव रविवार को अजमेर में नवनिर्मित अत्याधुनिक सेशन कोर्ट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उनके साथ न्यायाधीश इंद्रजीत सिंह और न्यायाधीश महेंद्र कुमार गोयल भी मौजूद रहे। सीजे श्रीवास्तव ने जिला न्यायालय के नए भवन को अजमेर के न्यायिक इतिहास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया और कहा कि यह भवन तकनीकी दृष्टि से उन्नत, पर्यावरण के अनुकूल और मानवतावादी मूल्यों को समर्पित है। उन्होंने बताया कि देश में मुकदमों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके अनुपात में न्यायिक संरचना का विकास उस गति से नहीं हो पाया है।




*सेशन कोर्ट भवन का उद्घाटन करते सीजे श्रीवास्तव व अन्य।*

### 30 लाख निवासियों को मिलेगा फायदा

इस अवसर पर जस्टिस महेन्द्र गोयल ने कहा कि अजमेर न्याय क्षेत्र के लगभग 30 लाख लोगों को इस भवन से लाभ मिलेगा। उन्होंने अजमेर के न्यायिक इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान के समय ग्राम न्यायालय स्थापित किए गए थे। उनकी अपील सीधे सम्राट से की जा सकती थी। सन् 1818 में ब्रिटिश शासन के दौरान यहां पांच स्तरीय न्यायिक व्यवस्था संचालित होती थी। सन् 1872 में चीफ कमिश्नर कोर्ट की स्थापना हुई और 1926 में ज्यूडिशियल कमिश्नर कोर्ट की स्थापना हुई, जिसकी अपील प्रिवी काउंसिल तक जाती थी। इसके पश्चात 1956 में राजस्थान में विलय के बाद से यहां की न्यायिक व्यवस्था लगातार सुदृढ़ हुई है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राजस्व मंडल के अध्यक्ष हेमंत गेरा, संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा, पुलिस महानिरीक्षक ओम प्रकाश, जिला कलेक्टर लोकबंधु, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, लोक अभियोजक जयप्रकाश, न्यायिक अधिकारी, बार के सदस्य एवं अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### मुकदमों का हो शीघ्र निपटारा

मुख्य न्यायाधीश श्रीवास्तव ने कहा कि लगभग एक लाख से अधिक लंबित प्रकरण हैं। इनमें अधिकांश आपराधिक प्रवृत्ति के प्रकरण हैं, जिनके निपटारे के लिए तकनीकी उपकरणों का उपयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं सम्मन एवं वारंट प्रणाली की निगरानी कर रहे हैं। इससे न्याय प्रक्रिया की गति में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि बार और बेंच एक-दूसरे के पूरक हैं । इस संबंध में सभी अधिवक्ताओं से पुराने मामलों के शीघ्र निपटारे में सहयोग देने का अनुरोध किया।

### देश में मिसाल बनेगा यह भवन

अध्यक्ष अशोक रावत ने कहा कि यह भवन आने वाले समय में देशभर में एक मिसाल बनेगा। उन्होंने बताया कि यह देश में चंडीगढ़ के बाद दूसरा ऐसा भवन है। इसमें 54 न्यायालय संचालित होंगे और भविष्य में इसे सात मंजिला बनाकर अतिरिक्त अधिवक्ता कक्षों की व्यवस्था की जाएगी। यह भवन 150 करोड़ की लागत से तैयार किया गया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रकाश चंद्र मीणा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

### लॉक-अप और ई-कोर्ट भी

समारोह को संबोधित करते हुए जस्टिस इंद्रजीत सिंह ने कहा कि न्याय व्यवस्था न्यायाधीश और अधिवक्ताओं के सामंजस्य से ही सुचारू रूप से चल सकती है। उन्होंने भवन को भव्य, सुंदर और स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया। सेशन जज संगीता शर्मा ने कहा कि यह भवन अजमेर के न्यायिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि परिसर का निर्माण 18 फरवरी 2018 को रखी गई नींव के साथ शुरू हुआ था। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसे जी+5 स्वरूप में निर्मित किया गया है।

## प्रदेश में तीन जगह लगी भीषण आग


# भीलवाड़ा मंडी में तेल गोदाम भभका... उदयपुर व अलवर के जंगल में उठी लपटें




**बेधड़क**
भीलवाड़ा/उदयपुर/अलवर।

प्रदेश में भीषण गर्मी के चलते अचानक आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। रविवार को भीलवाड़ा मंडी में तेल गोदाम में आग लग गई। इससे लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। वहीं, उदयपुर के सज्जनगढ़ सेंचुरी स्थित बायोलॉजिकल पार्क व अलवर के सरिस्का में सिलीसेढ़ के पास जंगल में आग लग गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। भीलवाड़ा शहर की कृषि उपज मंडी परिसर में रविवार दोपहर तेल गोदाम में आग लग गई। इससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पांच दमकलों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग ने तीन मंजिला गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया था। आग से लाखों रुपए का माल जलकर राख हो गया। सूचना मिलने के बाद सुभाष नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। आग से मंडी व्यापारी दहशत में आ गए। आग का कारण शॉर्ट-सर्किट माना जा रहा है।

### बायोलॉजिकल पार्क से पर्यटक जान बचाकर भागे



उदयपुर की सज्जनगढ़ सेंचुरी की तलहटी में स्थित बायोलॉजिकल पार्क में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। संडे की छुट्टी के चलते यहां घूमने आए टूरिस्टों ने भी भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं, पार्क में मौजूद वन्य-जीव भी विचलित होकर पिंजरों में इधर-उधर भागने लगे। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंची और करीब 1 घंटे 45 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना के बाद बायो पार्क को बंद कर दिया गया है।

### सिलीसेढ़ के पास दूर तक नजर आई लपटें



अलवर के सरिस्का के बफर जोन में आने वाले सिलीसेढ़ के पास जंगल में शनिवार रात को आग लग गई। आग की लपटें दूर तक नजर आई। आग बुझाने के लिए कई रेंज के वनकर्मी जुटे रहे। आग करीब 40 हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई थी। इस साल सिलीसेढ़ क्षेत्र में वन क्षेत्र में आग लगने की ये दूसरी घटना है। बफर जोन रेंजर शंकर सिंह ने बताया कि वनकर्मी रात भर आग बुझाने में लगे रहे। काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया। रविवार सुबह भी मॉनिटरिंग की गई।

## हिंडौन की दीपिका चेन्नई में लेंगी दीक्षा... संयम उत्सव 25 से

**बेधड़क** | हिंडौन सिटी

जैन श्वेतांबर पल्लीवाल संघ की दीपिका जैन 14 मई को चेन्नई में जैन दीक्षा ग्रहण करेंगी। 30 वर्षीय दीपिका ने जयपुर से एम.कॉम और एमबीए की शिक्षा प्राप्त की। वे 8 वर्षों से जैन साध्वी के सान्निध्य में तीर्थंकर पथ पर अग्रसर हैं। उन्होंने जैन शास्त्रों का गहन अध्ययन किया और 3000 किमी पैदल विहार सहित अनेक तप-पूजा संपन्न की। दीपिका का कहना है वे सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर अहिंसा, अपरिग्रह और तपस्या के साथ मोक्ष पथ पर चलेंगी।



इस अवसर पर हिंडौन में 25-27 अप्रैल को तीन दिवसीय संयम उद्यान प्रवेश महोत्सव होगा। संयोजक डॉ. मनोज जैन ने बताया कि आचार्य श्रीमद्विजय हंसरत्न सूरीश्वर महाराज सहित 15 साधु-साध्वियों के सान्निध्य में शक्रस्तव अभिषेक, मेहंदी रस्म, वैराग्य नृत्य-नाट्य, शोभायात्रा और विदाई समारोह आयोजित होंगे।

## लंबित मामलों के निपटारे के दिए निर्देश | हाई कोर्ट जज गर्ग ने किया बाल संरक्षण केंद्रों का निरीक्षण

**बेधड़क** | हनुमानगढ़

राजस्थान हाई कोर्ट किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष जस्टिस मनोज कुमार गर्ग ने हनुमानगढ़ के राजकीय सम्प्रेक्षण एवं किशोर गृह, शिशु गृह, किशोर न्याय बोर्ड और बाल कल्याण समिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गर्ग ने गृह के बच्चों से बातचीत की तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की दिनचर्या, योगाभ्यास और प्रार्थना व्यवस्था की सराहना की। इस दौरान किशोर न्याय बोर्ड को लंबित मामलों के



जल्द निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने किशोर गृह परिसर में पौधारोपण भी किया।

इस मौके पर विशिष्ट न्यायाधीश पृथ्वीराज पाल सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शिवचरण मीणा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीता बेड़ा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेंद्र गोयल, सदस्य विजय सिंह चौहान, प्रेमचंद शर्मा, सुमन सैनी, अनुराधा सहारण और अतिरिक्त निदेशक अभियोजन मीनाक्षी भिडासरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आक्रोशित लोगों ने जड़ा CHC के ताला

# तेज रफ्तार कार ने दंपती को उड़ाया, पत्नी की मौत



**बेधड़क** | भरतपुर

जिले के उच्चैन थाना क्षेत्र में रविवार को तेज रफ्तार कार ने पैदल जा रहे दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, गंभीर घायल पति को भरतपुर रेफर किया गया है। उच्चैन थाना पुलिस के अनुसार कस्बे के बयाना बाईपास निवासी चतुर गुर्जर फौजी और उसकी पत्नी वीरवती सुबह बाड़े में भैंस का दूध निकालने के लिए गए थे। दोनों दूध निकालने के बाद वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान उच्चैन-बयान बाइपास पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनको टक्कर मार दी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इधर, हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हादसे में घायल पति-पत्नी को उच्चैन सीएचसी ले जाया गया, लेकिन, सीएचसी पर डॉक्टर नहीं मिलने पर ग्रामीण भड़क गए। आक्रोशित लोगों ने सीएचसी के गेट पर ताला जड़ प्रदर्शन किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों से समझाइश की। इसके बाद सीएचसी का ताला खोला और पोस्टमार्टम हुआ।

## समदड़ी में नवनिर्मित हिंगलाज माता मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

# जयकारों के साथ मां हिंगलाज की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा

- मंदिर परिसर पर हेलिकॉप्टर से की पुष्प वर्षा, हजारों श्रद्धालु पहुंचे

**बेधड़क** | बालोतरा

जिले के समदड़ी इलाके में झूंपा मठ में नवनिर्मित हिंगलाज माता मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन रविवार को धार्मिक अनुष्ठान व हवन-पूजा के बाद हिंगलाज माता की नवनिर्मित प्रतिमा की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके साथ ही शिखर कलश स्थापित किया गया। इससे पहले मंदिर परिसर पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। साधु-संतों ने प्रवचन भी दिए। इससे पूर्व शनिवार रात को भजन संध्या में गायक कलाकारों की ओर से भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। महोत्सव में बड़ी संख्या में साधु संत व भक्तजन पहुंचे और प्रसादी ग्रहण की।



*बालोतरा। समदड़ी में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में उमड़े श्रद्धालु।*

### महायज्ञ में वैदिक मंत्रों की गूंज

महोत्सव के दौरान आयोजित महायज्ञ में मुख्य यजमानों तथा विद्वान आचार्य पंडितों की ओर से वैदिक विधि-विधान के अनुसार आहुतियां दी गईं। यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रों की गूंज ने समूचे वातावरण को और पवित्र बना दिया। बाड़मेर साधु समाज की ओर से मठाधीश मृत्युंजय पुरी का चादर ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर मठाधीश ने साधु-संतों का स्वागत-सत्कार करते हुए उन्हें भेंट प्रदान की। आयोजन में जूना अखाड़ा सहित विभिन्न संत महात्माओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### संत- महापुरुषों की रही मौजूदगी

इस आयोजन में महंत मनोहरपुरी, डॉ. करणपुरी, महेशपुरी, दादागुरु केदारपुरी, मनोजगिरी, संतपुरी, रामूपुरी (अष्ट कौशल महंत), अन्नपूर्णापुरी (हरिद्वार), थानापति धवलपुरी, सत्यमगिरी (कोटेश्वर), राकेशगिरी, मोहितपुरी, रामनपुरी, सत्यनारायण भारती, जगदीशपुरी (चौहटन), ओंकार भारती (पेराऊ मठ), हरि भारती (भलरो का वाड़ा), जनकपुरी (होटलू), मुकेशपुरी, करणपुरी, कवराजपुरी, भुवनेश्वरपुरी (खारवा मठ), लाडूगिरी, नृसिंहदास महाराज जैसे अनेक संत-महात्मा उपस्थित रहे।

### आमेर किले पर स्वच्छता विषयक प्रदर्शनी का समापन, बच्चों की क्रिएटिविटी ने किया जागरूक

# ‘भविष्य के पार्षदों’ ने पेंटिंग्स में बताया कि कैसा हो अपना शहर

बेधड़क | जयपुर

आमेर के ऐतिहासिक किले की दीवारों के बीच जब बच्चों की पेंटिंग्स ने स्वच्छता की अलख जगाई, तो हर दर्शक ठहरकर सोचने पर मजबूर हो गया कि क्या यही हैं हमारे भविष्य के ‘बाल पार्षद’? यह नजारा था डिजिटल बाल मेला और नगर निगम हेरिटेज के संयुक्त तत्वावधान में ‘कौन बनेगा बाल पार्षद’ अभियान के तहत आमेर किले पर स्वच्छता विषयक विशेष प्रदर्शनी का, जिसका समापन हुआ।

समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर महानगर द्वितीय की सचिव पल्लवी शर्मा रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेरिटेज निगम के उपायुक्त दिलीप कुमार भम्भानी मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों को स्लोगन, लघु नाटिका और प्रश्नोत्तरी में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया।



श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए ‘बाल पार्षद’ को पुरस्कृत करते अधिकारी।

### स्वच्छ भारत अभियान में बच्चों की भागीदारी जरूरी

पल्लवी शर्मा ने बच्चों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में बच्चों की भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्वच्छता के दूत हैं। उन्हें अपने घर के साथ-साथ आसपास भी लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करना चाहिए। पेंटिंग प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने सफाई को लेकर जिस तरह से विचार पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित किए हैं, उससे लगता है कि जयपुर सबसे स्वच्छ शहर बनने जा रहा है। उन्होंने बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों और पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी दी। साथ ही कानून की जानकारी देने से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित करने की भी बात कही, ताकि बच्चे सजग रहें और अपने अधिकारों को जान सकें। दिलीप कुमार भम्भानी ने कहा कि बच्चों को न केवल स्वच्छता बल्कि पार्षद के कार्यों की भी जानकारी होनी चाहिए।

### बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मिला मंच

डिजिटल बाल मेले की जान्हवी शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देना नहीं है, बल्कि उन्हें सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना और नेतृत्व कौशल को विकसित करना भी है। ‘कौन बनेगा बाल पार्षद’ कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को शहरी प्रशासन, संविधान और स्वच्छता अभियानों की व्यवहारिक जानकारी दी जा रही है।

# Events

### लिबरल आर्ट्स के भविष्य पर चर्चा



**बेधड़क. जयपुर।** द इक्फाई विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स की ओर से ‘रिक्लेमिंग रूट्स एंड शेपिंग फ्यूचर: अनफोल्डिंग परस्पेक्टिव्स ऑफ लिबरल आर्ट्स’ विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय, कुंढेला (वडोदरा) के गांधीवादी विचार एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) जनक सिंह मीना पैनलिस्ट के रूप में शामिल हुए। ‘शेपिंग द फ्यूचर: एडेप्टिंग एंड इनोवेटिंग’ सत्र में उन्होंने कहा कि आज जब हम जलवायु संकट, झूठी सूचनाओं की बाढ़, वैश्विक विषमताओं और तकनीकी नैतिकताओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में मानवीय मूल्य पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। यदि लिबरल आर्ट्स को समयानुकूल रूप से ढाला जाए और नवाचार के साथ प्रस्तुत किया जाए, तो यह एक अधिक मानवीय, न्यायपूर्ण और सतत विश्व की नींव रखने वाला भविष्य दे सकता है। अब जरूरत उस पाठ्यक्रम की है जो विविधता को अपनाए और समावेशिता को बढ़ावा दे। उन्होंने कहा कि लिबरल आर्ट्स की शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं रह सकती। इसका भविष्य परंपरा से नहीं, बल्कि नवाचार और साहसिक सोच से तय होगा। यदि हम इसे समय की कसौटी पर खरा उतरने के लिए तैयार करें, तो यह विषय हमें न केवल दुनिया को समझने में, बल्कि उसे बेहतर बनाने में भी मार्गदर्शन करेगा।

### बिलाला तीसरी बार बने PDC के मेंबर



**बेधड़क. जयपुर।** सीए पारस बिलाला इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की व्यावसायिक विकास समिति (PDC) के लगातार तीसरी बार विशेष आमंत्रित सदस्य चुने गए। यह समिति सनदी लेखाकारों के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए कार्य क्षेत्र का अध्ययन कर रिपोर्ट तैयार कराती है। बिलाला को आईसीएआई के केंद्रीय परिषद के सदस्य सीए रोहित रुवातिया, जयपुर चैप्टर के सेक्रेटरी सीए यश गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने बधाई दी।

### पारंपरिक संगीत से जुड़ेंगे युवा कलाकार



**बेधड़क. जयपुर।** युवा लोक कलाकारों को वरिष्ठ कलाकारों के मार्गदर्शन में पारंपरिक लोक संगीत का प्रशिक्षण देने के लिए वार्षिक ‘लोक संगीत शाला-2025’ का आयोजन किया जाएगा। ब्लूसिटी वॉल, पूर्णिमा ग्रुप ऑफ कॉलेजेज और जयपुर विरासत फाउंडेशन की ओर से यह 7 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 4 से 10 मई तक पूर्णिमा ग्रुप के कैंपस में होगा। संयोजक गोविंद सिंह भाटी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक लोक संगीत से जोड़ना और उनके संगीत कौशल को निखारना है। आयोजन में जयपुर, जोधपुर, जैसलमेर, अलवर, बीकानेर और बाड़मेर से करीब 80 युवा लोक कलाकारों का चयन किया जाएगा। इन प्रतिभागियों को 12 वरिष्ठ कलाकार प्रशिक्षण देंगे। वे कमायचा, सारंगी, मुरली, ढोल, भपंग और डेरु जैसे प्राचीन वाद्य यंत्रों के साथ-साथ मांगणियार, मेघवाल, लंगा, मिरासी, जोगी और कालबेलिया जैसी लोक गायन शैलियों में भी मार्गदर्शन देंगे। 10 मई को ‘शाला महोत्सव’ के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### 14वां हेमलता प्रभु स्मृति समारोह कल



**बेधड़क. जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में मंगलवार को 14वें हेमलता प्रभु स्मृति समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह समारोह जयपुर की पहली महिला नाट्य निर्देशक, कनोडिया महिला महाविद्यालय की सह-संस्थापक और महारानी महाविद्यालय में दो दशकों तक अंग्रेजी की शिक्षिका रहीं हेमलता प्रभु के 105वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होगा। इस अवसर पर रंगायन सभागार में शाम 7 बजे इम्प्रॉपर फ्रेक्शन्स संस्था की ओर से मंजरी कौल के निर्देशन में नाट्य प्रस्तुति ‘जुगनू दिल औरतें’ का मंचन किया जाएगा। यह एक संवादपूर्ण फिजिकल थिएटर प्रदर्शन होगा, जिसमें तीन महिलाओं द्वारा जेल से लिखे गए पत्रों की पृष्ठभूमि के माध्यम से नारीवादी दृष्टिकोण से एक नई दुनिया की संभावनाओं की खोज की जाएगी। यह प्रस्तुति रोकेया सखावत हुसैन की 115 वर्ष पुरानी कहानी में वर्णित ‘औरतों की धरती’: एक काल्पनिक, आदर्श नारी-संसार (यूटोपिया) पर आधारित है।

### सिविल सर्विस डे के उपलक्ष्य में रोमांचक मैत्री मैच

# IPS-RPS ने IAS-RAS को 4 विकेट से हराया


खिलाड़ियों से परिचय करते सुधांश पंत। साथ में हैं नीरज के पवन और मालती चौहान।

बेधड़क | जयपुर

सिविल सर्विस डे के उपलक्ष्य में रविवार को एसएमएस स्टेडियम में खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। मुख्य आकर्षण रहे क्रिकेट मुकाबले में आईपीएस-आरपीएस की चंबल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईएएस-आरएएस की टीम माही को 4 विकेट से हरा दिया। आईएएस-आरएएस की टीम ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 172 रन बनाए। जवाब में आईपीएस-आरपीएस की टीम ने लक्ष्य को 18वें ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ओपनर हिमांशु जांगिड़ ने 61 रनों की तेजतर्रार पारी खेलकर ‘मैन ऑफ द मैच’ का खिताब जीता। कप्तान सीएस सुधांश पंत छठे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए और 10 रनों का योगदान दिया। बल्लेबाज राष्ट्रदीप ने टीम की ओर से सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। गेंदबाजी में रुद्रप्रकाश ने 4 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट चटकाए, वहीं पुष्पेंद्र ने 2 ओवर में सिर्फ 7 रन देकर 3 विकेट लिए। आईएएस-आरएएस की टीम की ओर से गेंदबाज ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट लिए, जबकि राष्ट्रदीप, कमर-उल-जमान और एसीएस प्रवीण गुप्ता ने 1-1 विकेट हासिल किया।


प्रतियोगिता के दौरान शॉट लगाते मुख्य सचिव सुधांश पंत।

### दोनों टीमों में ये अधिकारी रहे शामिल

माही टीम में आईएएस अधिकारी मुख्य सचिव सुधांश पंत, प्रवीण गुप्ता, विष्णु चरण मलिक, नथमल डिडेल, कनिष्क कटारिया और आरएएस अधिकारी राधेश्याम डेलू, राष्ट्रदीप यादव और नरेंद्र वर्मा शामिल थे। चंबल टीम में आईपीएस अधिकारी पी. रामजी, पंकज चौधरी, अभिजीत सिंह और आरपीएस अधिकारी लोकेश सोनवाल, मनीष शर्मा, आदित्य पूनिया, रुद्रप्रकाश और पुष्पेन्द्र सिंह शामिल थे।


उर्मिला राजोरिया, हेमंत प्रियदर्शी, सुधांश पंत, नीरज के पवन और कृष्ण कुणाल। -फोटो: पंकज शर्मा

### अन्य खेलों के विजेता

रस्साकसी (पुरुष वर्ग) में आईएएस और आरएएस की संयुक्त टीम ने आईपीएस और आरपीएस की संयुक्त टीम को हराया। रस्साकसी (महिला वर्ग) में नीतू राजेश्वर (आरएएस) प्रथम, अनुराधा गोगिया (आरएएस) द्वितीय और सीमा मीणा (आरएएस) तृतीय स्थान पर रहीं। शतरंज (पुरुष वर्ग) में हेमंत कलाल (आईपीएस) प्रथम, दिनेश कुमार जांगिड़ (आरएएस) द्वितीय और नकाते शिवप्रसाद मदन (आईएएस) तृतीय स्थान पर रहे। शतरंज (महिला वर्ग) में अनुराधा गोगिया (आरएएस) प्रथम स्थान पर रहीं।

### DPTL: रोमांचक रहे मुकाबले

# सैंडी स्ट्राइकर्स और केसी मेमोरियल रॉयल्स पहुंची फाइनल में



बेधड़क | जयपुर

जय क्लब में चल रही प्रियंका हॉस्पिटल डीपीटीएल सीजन 5 निर्णायक दौर में पहुंच गई है। क्लब पैट्रन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि प्रतियोगिता में आल इंडिया 25-40 आयु वर्ग के डबल्स में डॉ. सुधांशु-डॉ. महाक्षित और डॉ. हरनीत-डॉ. निखिल ने फाइनल में प्रवेश किया। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि 40-50 आयु वर्ग में डॉ. अनुपल-डॉ. आदेश और डॉ. आदित्य-डॉ. अक्षय ने तथा 50-60 आयु वर्ग में डॉ. जीत-डॉ. मुदित व डॉ. दीपक -डॉ. सचिन ने फाइनल में प्रवेश किया। लीग सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. आदेश-डॉ. अनुपल व डॉ. नरेंद्र-डॉ. अंकुर तथा दबंग डबल्स में डॉ. कपिल-डॉ. निशांत और डॉ. सुधांशु-डॉ. रजत फाइनल में पहुंचे।

लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि ट्रायो प्रतिस्पर्धा में डॉ. सुधांशु-डॉ. मधुसूदन-डॉ. संकल्प व डॉ. हरनीत-डॉ. आदेश-डॉ. अनुपल ने फाइनल में प्रवेश किया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सुधांशु शर्मा ने बताया कि मिक्स्ड डबल्स में डॉ. आई डी-डॉ. अनुष्का व डॉ. निशांत-डॉ. हरशीन ने फाइनल में प्रवेश किया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. सचिन खट्टर ने बताया कि टीम इवेंट में टीम सैंडी स्ट्राइकर्स व टीम के सी मेमोरियल रॉयल्स ने फाइनल में प्रवेश किया।

### डॉ. रेणु ने ‘रंग-साज’ में दिखाए कला के रंग




**बेधड़क. जयपुर।** उत्तराखंड विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग की ओर से आयोजित ‘रंग-साज-2025’ राष्ट्रीय कला शिविर, कला वार्ता एवं प्रदर्शनी का आयोजन उत्तराखंड में किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए कलाकारों, फिल्म निर्माताओं, फोटोग्राफरों, मूर्तिकारों और कला समीक्षकों ने सहभागिता की। इस आयोजन में जयपुर से डॉ. रेणु शाही को आमंत्रित किया गया। उन्होंने दो चित्रों का डेमो प्रस्तुत किया, जिनमें प्रकृति के सौंदर्य और मंदिरों की भव्यता को चित्रित किया गया था। ललित कला विभागाध्यक्ष डॉ. राजकुमार पांडेय के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम में कर्नल भारत भंडारी, मूर्तिकार असुर्वेद, फिल्म निर्माता ब्रजनाभ नटराजन, डॉ. रेणु यादव, बलदाऊ वर्मा, अमरेश कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ. पवनेंद्र तिवारी, कहकशा, समशेर वारसी और श्रद्धा शुक्ला सहित कई प्रतिष्ठित कलाकार शामिल हुए।

### जयपुर नाट्य समारोह | जवाहर कला केंद्र में ‘पर्दा उठने से पहले’ नाटक का मंचन

# पत्नी को रोल दिया, ऐन टाइम पर हीरोइन के आने से हुई गड़बड़

बेधड़क | जयपुर


नाटक का एक दृश्य।

जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित जयपुर नाट्य समारोह के अंतर्गत ‘पर्दा उठने से पहले’ नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक राजेंद्र कुमार शर्मा द्वारा लिखित है, जिसका नाट्य रूपांतरण और निर्देशन हिमांशु झांकल ने किया। नाटक में यह दर्शाया गया कि एक निर्देशक को नाटक तैयार करने के दौरान कितनी बाधाओं और उलझनों का सामना करना पड़ता है। कहानी प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक अनिल के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे यह पता चलता है कि उसके आगामी नाटक की नायिका वीना रिहर्सल से गायब हो गई है, जबकि मंचन में महज तीन दिन शेष हैं। इस बीच अनिल की पत्नी शीला, जो नाटकों के प्रति उसकी दीवानगी से खिन्न रहती है, ऐसे समय में अनिल के लिए स्थिति और कठिन बना देती है। रिहर्सल के दौरान अन्य कलाकार सुझाव देते हैं कि क्यों न शीला को ही नायिका बना लिया जाए। विवश अनिल अपनी पत्नी को मनाने के लिए उसकी तारीफें करता है और उसे रिहर्सल में शामिल करवा लेता है। इसी दौरान मंच पर कई हास्यप्रद स्थितियां बनती हैं।

### वापसी और टकराव

कुछ समय बाद वीना लौट आती है और अनिल फिर उसकी प्रशंसा में लग जाता है। यह बात शीला को नागवार गुजरती है और वह वीना को घर से निकाल देती है। अनिल भयभीत हो जाता है कि कहीं नाटक फिर अधर में न रह जाए। तभी एक युवती सामने आकर पूछती है कि क्या वह नाटक में नायिका बन सकती है। नाटक का समापन सकारात्मक और हास्यप्रद ढंग से होता है, जिसमें एक निर्देशक की व्यथा को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया गया।

### इन कलाकारों ने निभाए किरदार

नाटक में विनोद, सीमा किराड़, वर्षा भाटी, सुमित बैरवा, भीमा, आकाश बैरवा, उमेश, राघव, ऋतु और सुमित्रा बोहरा ने विभिन्न भूमिकाएं निभाईं। मंच के पीछे प्रकाश व्यवस्था शहज़ोर अली ने और संगीत संयोजन हिमांशु व उमेश ने संभाला।

## एक और हार, एक और टूटता सपना

# IPL 2025: राजस्थान रॉयल्स की राह में सवाल ही सवाल





सिद्धार्थ महान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राजस्थान रॉयल्स एक ऐसी टीम रही है, जो कभी आईपीएल की सबसे प्रेरणादायक कहानियों में शुमार थी। 2008 में जब शेन वॉर्न की अगुवाई में इस टीम ने खिताब जीता, तो वह सिर्फ एक जीत नहीं, बल्कि क्रिकेट का चमत्कार था। सीमित संसाधनों के बावजूद इस टीम ने साबित किया था कि जज्बा, एकता और रणनीति के दम पर असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। लेकिन 2025 की तस्वीर कुछ और ही कहती है। टूर्नामेंट अपने निर्णायक मोड़ पर है, और रॉयल्स अपनी ही पहचान की तलाश में भटकती नजर आ रही है। पिछले दो मुकाबलों में टीम जीत के बेहद करीब पहुंची, लेकिन अंतिम क्षणों में खुद ही जीत को गवां बैठी। सवाल यह है कि क्या यह सिर्फ खराब फॉर्म है या फिर मानसिक थकावट का परिणाम?

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शनिवार को लखनऊ सुपरजाएंट्स के खिलाफ खेला गया मैच महज एक और हार नहीं था, बल्कि एक दोहराव बनती जा रही कहानी का हिस्सा था। दो आसान दिखती चेज, दो करीबी मुकाबले और दोनों बार राजस्थान की हार। इस बार भी अंतिम ओवर में 9 रन की जरूरत थी, लेकिन अवेश खान की बर्फ जैसी ठंडी नसों ने राजस्थान की उम्मीदों को जकड़ लिया।

अवेश खान ने 18वें ओवर में यशस्वी जायसवाल को एक शानदार यॉर्कर पर क्लीन बोल्ड किया। फिर रियान पराग को एलबीडब्ल्यू आउट कर पूरा मोमेंटम राजस्थान से छीन लिया। आखिरी दो गेंदों में चार रन चाहिए थे, लेकिन अवेश ने पहले खुद गेंद रोककर रन बचाया और फिर अंतिम गेंद पर एकदम सटीक यॉर्कर फेंककर मैच समाप्त कर दिया।

हालांकि इस हार की निराशा के बीच 14 साल 23 दिन के वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी ने उम्मीद की नई किरण दिखाई। अपने पहले ही आईपीएल शॉट पर छक्का जड़ना, अवेश को लॉन्ग ऑन के ऊपर से उड़ाना और फिर स्पिनर्स को आत्मविश्वास से खेलना, यह सब दर्शाता है कि राजस्थान के पास भविष्य के सितारे मौजूद हैं। सिर्फ 34 रन की पारी थी, लेकिन प्रभाव किसी मैच विनर जैसा था।

वहीं, लखनऊ के लिए अब्दुल समद की 10 गेंदों में 30 रन की विस्फोटक पारी भी निर्णायक रही। साढ़े तीन घंटे की इस क्रिकेट क्लासिक में अवेश की गेंदबाजी और समद की हिटिंग दो सबसे बड़े अंतर साबित हुईं। इस जीत से एलएसजी ने टॉप चार में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जबकि राजस्थान की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा। लगातार चौथी हार और अब सवाल केवल फॉर्म का नहीं, मानसिक मजबूती का भी है।

पिछले सीजन में रॉयल्स ने अपने शुरुआती 9 में से 8 मैच जीतकर तहलका मचा दिया था। लेकिन फिर लगातार पांच हार के साथ टीम का ग्राफ नीचे गिरता गया और प्लेऑफ में पहुंचकर सफर खत्म हो गया। इस बार तो शुरुआत से ही जीत की चमक नहीं दिखी। राजस्थान रॉयल्स सीधे उस दौर में पहुंच गई है, जहां टीमें आमतौर पर टूर्नामेंट के अंत में लड़खड़ाती हैं।

“हार का यह पैटर्न अधिक चिंताजनक है, ये हारें विरोधी की ताकत से नहीं, बल्कि खुद की गलतियों, मानसिक बिखराव और फिनिशिंग की कमी के कारण हो रही हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ताजा मुकाबला इसकी मिसाल है। अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स की धीमी शुरुआत के बावजूद दिल्ली 188 तक पहुंच गई। जवाब में यशस्वी जायसवाल ने मिचेल स्टार्क को एक ओवर में चौका, छक्का और फिर चौका जड़कर रनरेट को साधा। संजू सैमसन अच्छे रंग में थे, लेकिन बीच मैच में चोटिल होकर रिटायर हो गए।”

हार का यह पैटर्न अधिक चिंताजनक है, ये हारें विरोधी की ताकत से नहीं, बल्कि खुद की गलतियों, मानसिक बिखराव और फिनिशिंग की कमी के कारण हो रही हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ ताजा मुकाबला इसकी मिसाल है। अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स की धीमी शुरुआत के बावजूद दिल्ली 188 तक पहुंच गई। जवाब में यशस्वी जायसवाल ने मिचेल स्टार्क को एक ओवर में चौका, छक्का और फिर चौका जड़कर रनरेट को साधा। संजू सैमसन अच्छे रंग में थे, लेकिन बीच मैच में चोटिल होकर रिटायर हो गए।

अंतिम ओवर में 9 रन चाहिए थे और 6 विकेट शेष थे, लेकिन स्टार्क की धारदार यॉर्कर्स ने राजस्थान की उम्मीदों की जड़ें हिला दीं। मैच सुपर ओवर तक पहुंचा, जहां राजस्थान सिर्फ दो रन ही बना सका। दिल्ली ने मुकाबला चार गेंद पहले ही समाप्त कर दिया।

इन हारों के पीछे सिर्फ तकनीकी खामियां नहीं, बल्कि टीम की मानसिकता में दरारें नजर आ रही हैं। कभी एक बल्लेबाज ज्यादा, कभी गेंदबाज कम। मिडल ऑर्डर में स्थिरता की कमी है। बटलर और जायसवाल पर निर्भरता अधिक है, जबकि रियान, जुरेल और हेतमायर का प्रदर्शन अस्थिर रहा है। ड्रेसिंग रूम की ऊर्जा भी अब कमजोर दिखती है।

इस सीजन की समस्याएं सिर्फ मैदान पर ही नहीं हैं, टीम का संतुलन भी गड़बड़ाया हुआ है, कभी एक बल्लेबाज अधिक, कभी एक गेंदबाज कम। जायसवाल पर निर्भरता स्पष्ट है, और मिडिल ऑर्डर में रियान पराग, जुरेल या हेतमायर कभी-कभार चमकते हैं, पर स्थायित्व नहीं दिखता। जैसा राजस्थान के बल्लेबाज नितीश राणा ने कहा, “छोटी-छोटी गलतियां ही भारी पड़ रही हैं।”

इस सीजन की समस्याएं सिर्फ मैदान पर ही नहीं हैं, टीम का संतुलन भी गड़बड़ाया हुआ है, कभी एक बल्लेबाज अधिक, कभी एक गेंदबाज कम। जायसवाल पर निर्भरता स्पष्ट है, और मिडिल ऑर्डर में रियान पराग, जुरेल या हेतमायर कभी-कभार चमकते हैं, पर स्थायित्व नहीं दिखता। जैसा राजस्थान के बल्लेबाज नितीश राणा ने कहा, “छोटी-छोटी गलतियां ही भारी पड़ रही हैं।”

ऐसे में कप्तान संजू सैमसन के लिए यह उनके नेतृत्व की सबसे कठिन परीक्षा बन गई है। कप्तानी सिर्फ टॉस जीतने या फील्ड प्लेसमेंट तय करने तक सीमित नहीं होती, असली नेतृत्व तब दिखता है जब टीम अंधेरे में हो और रास्ता नजर न आ रहा हो। अब समय है जब संजू को सिर्फ कप्तान नहीं, एक प्रेरणादायक नेता बनकर सामने आना होगा, वही जुनून लौटाना होगा जो 2008 की टीम की आत्मा था।

हालांकि, राजस्थान रॉयल्स के स्पिन गेंदबाजी कोच सैराज बहुतुले इस स्थिति को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। उन्होंने कहा, “ईमानदारी से कहूं तो, हम अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। बस परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे। डगआउट में काफी शांति है, और राहुल (द्रविड़) के होने से सब कुछ नियंत्रित है।”

शेन वॉर्न की कप्तानी में उस टीम के पास बड़े सितारे नहीं थे, लेकिन एकता, आत्मविश्वास और योजनाबद्ध आक्रामकता थी। टीम का हर खिलाड़ी अपने रोल को जानता था और पूरी निष्ठा से निभाता था। आज के राजस्थान रॉयल्स को भी उसी भावना की जरूरत है, जहां हर खिलाड़ी खुद को साबित करने के लिए मैदान में उतरे, और टीम का संतुलन हर गेंद के साथ निखरे।

अभी भी राजस्थान के पास छह मुकाबले बाकी हैं। अगर टीम यहां से जीत की लय पकड़ लेती है, तो प्लेऑफ की दौड़ में वापसी मुमकिन है। आईपीएल के इतिहास में ऐसी कई कहानियां हैं, जहां टीमें लगभग बाहर हो चुकी थीं, लेकिन अंतिम कुछ मैचों में चमत्कारी वापसी कर टूर्नामेंट की तस्वीर ही बदल दी।

सवाल सिर्फ इतना है, क्या ये राजस्थान रॉयल्स उस आत्मबल को फिर से जगा सकती है? क्या संजू सैमसन वो नेतृत्व दिखा पाएंगे जो सिर्फ रणनीति नहीं, जज्बा भी बांटता है? या फिर IPL 2025 की यह कहानी एक अधूरी दास्तान बनकर रह जाएगी? राजस्थान रॉयल्स को अब मैदान पर ही नहीं, अपने भीतर की लड़ाई लड़नी है, आत्म-संदेह और हताशा के खिलाफ। और अगर वे इस जंग में जीत गए, तो स्कोरबोर्ड खुद-ब-खुद बदल जाएगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

---

### व्यंग्य

## सफर काले झंडे से काले कारनामों तक का!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

ये दिन सरकार को और नेताओं को काले झंडे दिखाने के हैं। विरोध प्रदर्शन का सबसे सस्ता, तीखा और नायाब तरीका है काले झंडे दिखाना। हालांकि इसमें कई बार काले झंडे दिखाने पर पुलिस की लाठियां भी खानी पड़ती हैं, लेकिन इससे डरना नहीं चाहिए। नेता बनने का यह सबसे आसान तरीका है। एक बार छात्र जीवन में वार्षिकोत्सव समारोह में कोई नेताजी आए थे, उस समय मैं किसी दल का समर्थक बन गया था तो हम पांच-सात लोगों को सत्तारूढ़ दल के नेताजी को कार्यक्रम के बीच में काले झंडे दिखाने थे। योजना के अनुसार वही हुआ, नेताजी का भाषण शुरू हुआ और हम लोग काले झंडे लेकर बीच में खड़े हो गए। पुलिस ने हस्तक्षेप किया तो अन्य साथी तो धावक निकले और फरार हो गए, लेकिन मैं पकड़ा गया। पुलिस ने जो मुझे मारा, उसके बाद से इतना डर गया कि काला बनियान तक पहनना छोड़ दिया तथा नेतागिरी का मेरा भूत भी उतर गया। लेकिन जो धावक थे, वे सब आज राजनीति में पदस्थ हैं। एक साथी तो मंत्री भी है। समय-समय की बात है, यदि मैं डरा नहीं होता तो इस कलम घिसाई की एवज में कहीं का मुख्यमंत्री होता। काले झंडे दिखाने वाले और काले कारनामे करने वाले सदैव सुखी रहते हैं। पुलिस अपना काम करती है तो आप अपना करो। कभी बड़े नेता खुद काला झंडा नहीं उठाते, वे अपने कार्यकर्ताओं को उकसा कर अपने विरोधी को काले झंडे दिखवाते हैं और उन्हें पिटवाते हैं। अभ्यास बुरी चीज नहीं है। ‘करत-करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान’ वाली बात है। हिम्मत और साहस रखो तो नेतागिरी सरलता से चमक जाती है। नेताओं की चापलूसी करना सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि चापलूस भी सदैव सुखी देखा गया है। इसलिए अपने राजनीति के कॅरिअर की शुरुआत काले झंडों से कीजिए। धीरे-धीरे काले कारनामे करके नाम कमाओ और फिर काला धन। इसलिए उठाइए काला झंडा और दिखा दीजिए मौका लगते ही अपने विरोधी को।

---

X



**अमित शाह,** केन्द्रीय गृहमंत्री
@AmitShah
सिख धर्म के पंचम गुरु, श्री गुरु अर्जन देव जी के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन करता हूं। गुरु अर्जन देव जी ने सिख धर्म को सेवा, भक्ति और निष्काम कर्म का माध्यम बनाकर विस्तार देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। मानवता को ‘गुरु ग्रंथ साहिब’ की अनमोल धरोहर देकर उन्होंने समाज को जीवन जीने का आध्यात्मिक मार्ग दिखाया। धर्म की रक्षा के पथ को अपने बलिदान से गौरवमयी बनाने वाले गुरु अर्जन देव जी अनंतकाल तक सेवा व शौर्य के प्रेरणापुंज बने रहेंगे।



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
सहृदय धन्यवाद खेतड़ी! खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में आगमन पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़े-बुजुर्गों, माताओं-बहनों व जन-जन का आशीष व स्नेह प्राप्त किया। इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय निवासियों को संबोधित करते हुए यमुना जल समझौते की अभूतपूर्व सफलता से शेखावाटी में प्राप्त होने वाले दीर्घकालिक लाभों की जानकारी प्रदान की। हमारी सरकार शेखावाटी सहित राजस्थान के प्रत्येक क्षेत्र की सर्वांगीण प्रगति हेतु वचनबद्ध है।



**मदन राठौड़,** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष, राजस्थान
@madanrrathore
अगवरी, आहोर में श्री सांवला जी धाम मंदिर के वार्षिक महोत्सव में भाग लेकर प्रभु के दर्शन किए व क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही श्री क्षत्रिय घांची समाज शिक्षण संस्थान सतावीया पारा ट्रस्ट, समस्त कार्यकर्ताओं व आमजन द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान एवं स्वागत हेतु आभार।



**कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** उद्योग मंत्री, राजस्थान सरकार
@Ra_THORe
भारत का परचम, U18 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिमांशु जाखड़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया है।आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।



**मदन दिलावर,** शिक्षा मंत्री राजस्थान सरकार
@madandilawar
बैंगलोर आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों, देवतुल्य कार्यकर्ताओं, राजस्थानी प्रवासियों व जनता जनार्दन द्वारा किए स्नेहपूर्ण स्वागत अभिनंदन हेतु सभी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद।

---

## नॉलेज कॉर्नर: कम कैलोरी, ज्यादा खतरे... क्या हमारे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है?

# कृत्रिम मिठास से सेहत का कड़वा सच

आजकल ‘शुगर फ्री’ और ‘डाइट’ जैसे लेबल वाले उत्पादों की भरमार है। लोग भी इन्हें स्वस्थ विकल्प समझकर बड़े चाव से अपनाते हैं। लेकिन क्या वास्तव में कृत्रिम मिठास यानी आर्टिफिशियल स्वीटनर हमारे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित हैं? इस सवाल का जवाब अब शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों के अध्ययन में मिलने लगा है और तस्वीर उतनी मीठी नहीं है, जितनी इन उत्पादों का स्वाद। कृत्रिम मिठास चीनी के विकल्प के तौर पर उपयोग किए जाने वाले रसायन होते हैं, जो कम या शून्य कैलोरी के साथ मीठा स्वाद देते हैं। ये हमारे स्वाद तंत्र को चीनी की तरह ही उत्तेजित करते हैं और शरीर को संकेत देते हैं।

### भूख बढ़ने का कारण बन सकती है मिठास

एक हालिया अध्ययन के मुताबिक, सुक्रालोज (जो शीतल पेयों में आम है) के सेवन से महज दो घंटे के भीतर शरीर की भूख की प्रतिक्रिया बढ़ जाती है। इस शोध में पाया गया कि सुक्रालोज के सेवन से मस्तिष्क के ‘हाइपोथैलेमस’ क्षेत्र में रक्त प्रवाह बढ़ गया, जो भूख नियंत्रण के लिए जिम्मेदार है। इसका मतलब यह है कि कृत्रिम मिठास हमारे मस्तिष्क को भ्रमित कर सकती है और भूख को बढ़ा सकती है।



### कैलोरी कम, लेकिन खपत ज्यादा

कृत्रिम मिठास का सेवन करने से भले ही हम कैलोरी कम लेते हों, लेकिन यह भूख के हार्मोन जैसे लेप्टिन से संबंधित न्यूरॉन्स को उत्तेजित कर सकता है, जिससे तृप्ति का अहसास देर से होता है। इसका असर यह होता है कि व्यक्ति सामान्य से अधिक खा लेता है और अधिक कैलोरी लेने की यह प्रक्रिया वजन बढ़ने का कारण बन सकती है।

### मोटापे से संबंध

बीते दो दशकों में हुए एक बड़े अध्ययन में देखा गया कि जो लोग रोजाना डाइट सोडा या अन्य कृत्रिम मिठास युक्त उत्पादों का अत्यधिक सेवन करते हैं, उनमें मोटापे की संभावना उन लोगों की तुलना में लगभग 70% अधिक थी जो इन्हें कम मात्रा में या कभी-कभार ही लेते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि ‘डाइट’ शब्द से जुड़े उत्पाद हमेशा वजन घटाने में मददगार नहीं होते। बल्कि, यह आदत शरीर में वसा के संचय को भी बढ़ा सकती है।

### क्या यह चीनी से बेहतर विकल्प है?

चीनी के अत्यधिक सेवन से मधुमेह, मोटापा और हृदय रोग जैसे खतरे बढ़ते हैं, इसीलिए कृत्रिम मिठास को एक सुरक्षित विकल्प के रूप में बढ़ावा मिला। लेकिन अब सामने आ रहे वैज्ञानिक प्रमाण बताते हैं कि यह विकल्प भी पूरी तरह बेदाग नहीं है। शोध से यह भी सामने आया है कि कृत्रिम मिठास हमारे डोपामिन सिस्टम (इनाम और प्रेरणा से जुड़ा मस्तिष्कीय हिस्सा) को उतनी सक्रियता से प्रभावित नहीं करता, जिससे हम मानसिक रूप से संतुष्ट महसूस करें।

**तो क्या खाएं?**

*संतुलन सबसे बेहतर रास्ता है। पूरी तरह से मीठे से दूरी बनाना भी जरूरी नहीं, लेकिन प्राकृतिक विकल्प जैसे शहद, गुड़, स्टीविया या फल-आधारित मिठास को प्राथमिकता देना बेहतर हो सकता है। इसके साथ ही, संपूर्ण आहार की आदतें और जीवनशैली में बदलाव भी वजन और स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए जरूरी हैं।*

कंटेंट: रघुवीर जांगिड़

## यूपी में 'इंडिया' गठबंधन जारी रहेगा: अखिलेश



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' जारी रहेगा। अखिलेश ने भाजपा पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह वक्फ (संशोधन) कानून के जरिए माफिया की तरह जमीन हड़पने की कोशिश कर रही है। यादव ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 2027 के विधानसभा चुनावों में पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) राज्य से भाजपा को उखाड़ फेंकेगा।

## हवाई अड्डे पर खड़े विमान से टकराई मिनी बस

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर खड़े इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान से मिनी बस टकरा गई। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि यह बस विमान के 'अंडरकैरेज' (निचले ढांचे) से टकरा गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। एक बयान में कहा गया है कि 18 अप्रैल को दोपहर लगभग 12:15 बजे, रखरखाव के काम से जुड़ी एक एजेंसी द्वारा संचालित वाहन हवाई अड्डे पर खड़े एक विमान के अंडरकैरेज से टकरा गया। इंडिगो एयरलाइंस ने कहा कि मामले की जांच जारी है और जरूरत के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मणिपुर का उग्रवादी असम में गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के एक मणिपुरी उग्रवादी को गुवाहाटी में गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सैन्य खुफिया विभाग द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, गुवाहाटी पुलिस ने अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप पीएलए नेता की गिरफ्तारी हुई। वह शहर के बेहरबारी इलाके में रह रहा था, लेकिन उसे पलटन बाजार से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार उग्रवादी कथित तौर पर घात लगाकर हमला करने और अवैध हथियारों की तस्करी सहित कई आपराधिक मामलों में शामिल है। अधिकारी ने बताया कि उसके पास से आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जब्त कर लिए गए हैं। अधिकारी ने कहा कि चूंकि वह मणिपुर में वांछित उग्रवादी है, इसलिए उस राज्य की पुलिस उसे हिरासत में लेगी।


### कूनो राष्ट्रीय उद्यान से दो चीते किए गए स्थानांतरित, देश में इस तरह का यह पहला प्रयास

# मध्य प्रदेश का गांधी सागर अभयारण्य अब चीतों का नया घर

एजेंसी | भोपाल

कूनो राष्ट्रीय उद्यान में दो साल पहले स्थानांतरित किए गए दक्षिण अफ्रीका के दो चीतों 'प्रभाष' और 'पावक' को रविवार को तब नया ठिकाना मिला, जब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने उन्हें गांधी सागर अभयारण्य में छोड़ दिया।

मूल रूप से फरवरी 2023 में दक्षिण अफ्रीका के वाटरबर्ग बायोस्फीयर रिजर्व से कूनो राष्ट्रीय उद्यान में लाए गए ये छह वर्षीय नर चीते सड़क मार्ग के जरिए गांधी सागर अभयारण्य लाए गए। यह अभयारण्य नीमच और मंदसौर जिलों में फैला हुआ है। मुख्यमंत्री यादव ने रविवार शाम को बसीगांव खेमला स्थित अभयारण्य में उन्हें छोड़ा। इससे पहले, यादव ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सितंबर 2022 में एशिया में चीतों को फिर से लाने के सफल प्रयास का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि पूरे एशिया में चीतों को बसाने के लिए सबसे अनुकूल परिस्थितियां हमारे देश में, विशेष रूप से मध्यप्रदेश में मौजूद हैं। इससे पहले दिन में, दोनों चीतों को गांधी सागर अभयारण्य में लाया गया, जो कूनो से 250 किलोमीटर दूर है। कुनो में करीब तीन साल पहले इन चीतों के महत्वाकांक्षी अंतरमहाद्वीपीय स्थानांतरण की शुरुआत की गई थी। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के अधिकारियों ने शुक्रवार को भोपाल में जानकारी दी थी कि अफ्रीका के बोत्सवाना से आठ चीतों को दो चरणों में भारत लाया जाएगा। चार चीतों को मई में ही लाया जाएगा।



*मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा रविवार को गांधी सागर अभयारण्य में दो चीतों को छोड़ा। पिंजरे से निकलने के बाद जंगल की ओर जाता चीता।*

### 2022 में हुई थी चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत

- 17 सितंबर, 2022 को देश में करीब 75 साल बाद चीतों की वापसी हुई। नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़कर चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की। इन चीतों में पांच मादा और तीन नर चीते शामिल थे।
- फरवरी 2023 में, बारह और चीतों को दक्षिण अफ्रीका से कूनो में स्थानांतरित किया गया। कूनो में अब 26 चीते हैं, जिनमें भारत में जन्मे 14 शावक शामिल हैं।
- ढाई साल के दौरान कूनों में कुछ व्यस्क चीते व शावकों की मौत भी हो गई थी।
- कूनो में अब 26 चीते हैं, जिनमें भारत में जन्मे 14 शावक शामिल हैं।

### नहर परियोजनाओं का विरोध कर रहे थे लोग

# पाकिस्तान में हिंदू मंत्री पर प्रदर्शनकारियों का हमला

एजेंसी | इस्लामाबाद

बांग्लादेश में एक हिंदू नेता की पीट-पीटकर हत्या की खबरों के बीच अब पाकिस्तान से एक हिंदू राज्य मंत्री खील दास पर प्रदर्शनकारियों द्वारा हमला किए जाने की खबर आई है।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार में धार्मिक मामलों के राज्य मंत्री खील दास कोहिस्तानी शनिवार को सिंध प्रांत के थट्टा जिले से गुजर रहे थे, तभी उनके काफिले पर टमाटर और आलू फेंके गए। उन पर पंजाब में प्रस्तावित नहरों के निर्माण का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने हमला किया। प्रदर्शनकारियों को आशंका है कि नहरों के निर्माण से सिंचाई के लिए जरूरी नदियों का बहाव कम हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि हमले में कोहिस्तानी को कोई नुकसान नहीं हुआ। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कोहिस्तानी पर हुए हमले की कड़ी निंदा की और उन्हें घटना की गहन जांच का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधियों पर हमला अस्वीकार्य है। घटना में शामिल लोगों को कड़ी सजा दी जाएगी।

कोहिस्तानी सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सदस्य हैं। प्रदर्शनकारियों ने पार्टी की संघीय सरकार के खिलाफ नारे भी लगाए। संघीय सूचना मंत्री अत्ता तरार ने भी घटना का संज्ञान लिया और इसे हमला करार किया। तरार ने सिंध के पुलिस महानिरीक्षक गुलाम नबी मेमन से घटना का ब्योरा तथा संघीय गृह सचिव से रिपोर्ट मांगी है। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने भी इस कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। उन्होंने हैदराबाद क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक को हमले में शामिल व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस बीच, पुलिस ने सिंध तरक्की पसंद पार्टी के नेता सैयद जलाल शाह को कोहिस्तानी के काफिले पर हमले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्राथमिकी में उनकी पार्टी के कई अन्य कार्यकर्ताओं के नाम भी दर्ज हैं।


*शहबाज शरीफ*


*खील दास*

### 2024 में दूसरी बार चुनाव जीते थे कोहिस्तानी

नेशनल असेंबली की वेबसाइट पर मौजूद निजी जानकारी के अनुसार, कोहिस्तानी सिंध के जमशोरो जिले से संबंध रखते हैं और पहली बार 2018 में पीएमएल-एन के टिकट पर संसद के सदस्य चुने गए थे। पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद, वह 2024 में फिर चुनाव जीते और उन्हें मंत्री बनाया गया।

### पंजाब में नहरों के निर्माण का हो रहा है सिंध में विरोध

पाकिस्तान की संघीय सरकार ने घोषणा की है कि ग्रीन पाकिस्तान पहल के तहत चोलिस्तान क्षेत्र में भूमि की सिंचाई के लिए पंजाब प्रांत में छह नहरों का निर्माण किया जाएगा है। परियोजना को सेना, संघीय सरकार और पंजाब प्रांत के प्रशासन का समर्थन प्राप्त है। हालांकि, सिंध में विभिन्न दल और राष्ट्रवादी समूह इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। उनका तर्क है कि नहरों के कारण पानी का बहाव कम हो जाएगा और प्रांत में सिंचाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। प्रदर्शनकारी प्रस्तावित नहरों का विरोध कर रहे हैं।

## उद्योग मंत्री गोयल की विदेश यात्रा 28 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की लंदन, ओस्लो और ब्रसेल्स की संभावित यात्राएं 28 अप्रैल से शुरू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने बताया कि इन शहरों की पांच दिवसीय यात्रा का उद्देश्य ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को और बढ़ावा देना है। लंदन यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत अंतिम चरण की ओर बढ़ रही है और दोनों पक्ष शेष मुद्दों को हल करने के लिए काम कर रहे हैं। ओस्लो की यात्रा इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत ने पिछले साल मार्च में चार यूरोपीय देशों के ब्लॉक ईएफटीए के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस साल इसके लागू होने की उम्मीद है।

## यूएई में हवाई युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेगी वायुसेना

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 21 अप्रैल से आठ मई तक आयोजित हो रहे एक प्रमुख बहुराष्ट्रीय हवाई युद्ध अभ्यास में हिस्सा लेगी। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि संयुक्त अरब अमीरात की वायुसेना द्वारा आयोजित युद्ध अभ्यास 'डेजर्ट फ्लैग-10' में भारतीय वायुसेना के मिग-29 और जगुआर विमान शामिल होंगे।

### कर्मचारी चयन आयोग की अहम पहल

# भर्ती परीक्षाओं में अब आधार से होगी बायोमेट्रिक जांच

एजेंसी | नई दिल्ली

कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने अपनी सभी आगामी परीक्षाओं में अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापित करने के लिए आधार-आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण लागू करने का निर्णय किया है। अधिकारियों ने रविवार को कहा कि यह नया उपाय अगले महीने से आयोजित होने वाली भर्ती परीक्षाओं के लिए लागू होगा। एसएससी केंद्र सरकार की सबसे बड़ी भर्ती एजेंसियों में से एक है, जिसका मुख्य कार्य विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में अराजपत्रित पदों के लिए चयन करना है।

एसएससी द्वारा हाल में जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि अभ्यर्थी मई 2025 से ऑनलाइन पंजीकरण के समय, परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय और आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में बैठने के लिए परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होते समय आधार का उपयोग करके स्वयं को प्रमाणित कर सकेंगे। एसएससी ने कहा कि इस प्रकार का आधार प्रमाणीकरण स्वैच्छिक है और इसका उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को और सरल बनाना है। आधार 12 अंकों की एक संख्या है जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा सभी पात्र नागरिकों को बायोमेट्रिक और जनसांख्यिकीय डेटा के आधार पर जारी की जाती है।

Staff Selection Commission

### अभ्यर्थी की हो सकेगी सही पहचान

अधिकारियों ने कहा कि आधार-आधारित प्रमाणीकरण से यह सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी कि सरकारी नौकरी के इच्छुक अभ्यर्थी अपनी पहचान को गलत न बताएं या आयोग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में बैठने के लिए अन्य धोखाधड़ी वाले साधनों का उपयोग न करें। पिछले साल 12 सितंबर को जारी अधिसूचना में केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय ने कहा था कि एसएससी को स्वैच्छिक आधार पर आधार प्रमाणीकरण करने की अनुमति है। आयोग सात अखिल भारतीय खुली प्रतियोगी परीक्षाएं आयोजित करता है, जिनमें संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा (सीजीएलई) के अलावा तीन सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षाएं भी शामिल हैं।

### RSS: एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि की हिमायत

# समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे संघ: भागवत

एजेंसी | अलीगढ़ (उप्र)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने एक मंदिर, एक कुआं और एक श्मशान भूमि के आदर्शों को अपनाकर सामाजिक सद्भाव के लिए प्रयास करने का आह्वान किया है। उन्होंने आरएसएस सदस्यों से समाज के सभी वर्गों तक पहुंचने और उन्हें अपने घरों में आमंत्रित करने की वकालत की ताकि जमीनी स्तर पर सद्भाव और एकता का संदेश फैलाया जा सके।

भागवत यहां एच.बी. इंटर कॉलेज और सासनी गेट इलाके में पंचन नगरी पार्क में आयोजित दो शाखाओं में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने हिंदू समाज के सदस्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया, जिसे केवल समरसता के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए सामाजिक सद्भाव पर जोर दिया। आरएसएस सूत्रों के अनुसार भागवत ने हिंदू समाज की आधारशिला के रूप में संस्कार के महत्व को रेखांकित किया और सदस्यों से परंपरा, सांस्कृतिक मूल्यों और नैतिक सिद्धांतों पर आधारित समाज बनाने का आग्रह किया।



### परिवार समाज की मूलभूत इकाई

भागवत ने कहा कि परिवार समाज की मूलभूत इकाई है, जो संस्कार से प्राप्त मजबूत पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने राष्ट्रवाद और सामाजिक एकता की नींव को मजबूत करने के लिए त्योहारों को एक साथ मनाने की भी वकालत की। ज्ञात रहे कि भागवत अलीगढ़ के पांच दिवसीय दौरे पर हैं। अपने दौरे के दौरान आरएसएस प्रमुख बृज क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों के आरएसएस प्रचारकों से प्रतिदिन मिल रहे हैं।

### कांग्रेस की बिहार में रैली में नीतीश पर साधा निशाना

# JD(U)-BJP गठबंधन अवसरवादी: खरगे

एजेंसी | बक्सर (बिहार)

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और भाजपा के सत्तारूढ़ गठबंधन को रविवार को अवसरवादी करार देते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार केवल कुर्सी के लिए पाला बदलते हैं। खरगे ने यहां डलसागर स्टेडियम में पार्टी की 'जय बापू, जय भीम और जय संविधान' रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बिहार के लोगों से इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव में राजग को सत्ता से बाहर करने की अपील की। खरगे ने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार और भाजपा के बीच गठबंधन अवसरवादी है। यह राज्य के लोगों के लिए अच्छा नहीं है। जदयू प्रमुख ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाली विचारधारा से हाथ मिला लिया है।



### हमारे नेताओं को डराया नहीं जा सकता

नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा हाल में दाखिल किए गए आरोपपत्र पर खरगे ने कहा कि यह कांग्रेस को निशाना बनाने के लिए किया गया है। हमारे नेताओं को डराया नहीं जा सकता है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा समाज के कमजोर वर्गों के कल्याण के पक्ष में नहीं है।

### जीनोम इंडिया परियोजना: 10,000 भारतीयों का जीनोम विश्लेषण

# देश में आनुवांशिक विविधता का डेटा बेस होगा तैयार

एजेंसी | नई दिल्ली

जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से शुरू की गई 'जीनोम इंडिया परियोजना' रोग निदान को बेहतर बनाने, किसी दवा के प्रति व्यक्ति के शरीर की प्रतिक्रिया का अनुमान लगाने और भारत में सटीक चिकित्सा की शुरुआत करने के प्रयासों को गति देने में मदद कर सकती है। एक अनुसंधान आलेख में यह जानकारी दी गई है। सटीक चिकित्सा से आशय व्यक्ति की आनुवांशिकी और शरीर की प्रतिक्रियाओं के आधार पर उसका इलाज किए जाने से है।

साल 2020 में शुरू की गई जीनोम इंडिया परियोजना का लक्ष्य एक ऐसा डेटाबेस तैयार करना है, जो भारत की जनसंख्या की आनुवांशिक विविधता को दर्शाए। पहले चरण में 10,000 व्यक्तियों के जीनोम का अनुक्रमण किया गया, जिसका डेटा भविष्य के अनुसंधान के लिए इस वर्ष जनवरी में प्रकाशित किया गया। 'नेचर जेनेटिक्स' पत्रिका में प्रकाशित एक आलेख में वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान केंद्र (सीएसआईआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) समेत 20 से अधिक संस्थानों के अनुसंधानकर्ताओं ने जीनोम अनुक्रमण के प्रारंभिक निष्कर्ष प्रकाशित किए हैं।




### विभिन्न भाषाई एवं भौगोलिक क्षेत्रों को किया शामिल

हैदराबाद स्थित 'सीएसआईआर-सेंटर फॉर सेल्युलर एंड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी' में 'सीएसआईआर भटनागर फेलो' कुमारसामी थंगराज ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह आलेख वैज्ञानिक समुदाय को यह बताने के लिए लिखा गया था कि भारत ने 10,000 व्यक्तियों के संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। हमने पूरे भारत में विभिन्न भाषाई समूहों और भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले 83 जनसंख्या समूहों का सावधानीपूर्वक चयन किया है। इस टीम ने चार प्रमुख भाषाई समूहों-भारतीय-यूरोपीय, द्रविड़, ऑस्ट्रो-एशियाटिक और तिब्बती-बर्मन के लोगों पर गौर किया। एक व्यापक भौगोलिक क्षेत्र के भीतर, अलग-अलग जैव-भूगोल से संबंधित आबादी का नमूना लिया गया। इसके अलावा, हर गैर-आदिवासी समूह से लगभग 160 असंबंधित लोगों और प्रत्येक आदिवासी समूह से 75 लोगों के जीनोम का अनुक्रमण किया गया।

### आनुवांशिक विविधता से संबंधित 'वेरिएंट' की पहचान

अनुसंधानकर्ताओं ने आनुवांशिक 'वेरिएंट' की पहचान की, जो 'भारतीय आबादी में अब तक अप्राप्य' व्यापक आनुवांशिक विविधता का वर्णन करता है। देश की आबादी की तुलना में अनुक्रमित जीनोम के छोटे हिस्से के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में थंगराज ने कहा कि यह काम एक अच्छी शुरुआत है, जिसके तहत भारत में पहली बार जीनोम का जनसंख्या-स्तरीय अनुक्रमण किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीयों के जीनोम का विश्लेषण करने के लिए जीनोम इंडिया परियोजना ने जो मॉडल बनाया है, वह देश में भविष्य में बड़े पैमाने पर अनुसंधान परियोजनाओं के लिए उपयोगी होगा।

# हिमाचल की राजनीति में वापसी की संभावना नहीं: नड्डा

एजेंसी | धर्मशाला (हिमाचल प्रदेश)

भाजपा के नए अध्यक्ष के चुनाव की संभावनाओं के बीच पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा ने हिमाचल प्रदेश की राजनीति में वापसी से रविवार को इनकार कर दिया।

फरवरी 2020 में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए और तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने के बाद से विस्तार पा रहे नड्डा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं एक जिम्मेदार पद पर हूं और राज्य में वापस आने की कोई संभावना नहीं है। नड्डा ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष का चुनाव जल्द ही किया जाएगा।



सूत्रों ने इस सप्ताह की शुरुआत में बताया था कि भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आने वाले दिनों में कई राज्य इकाइयों के प्रमुखों को चुनने की प्रक्रिया में जुटी है। पार्टी के एक नेता ने कहा था कि कुछ राज्यों में नियुक्ति हो जाने के बाद, राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया जल्द ही शुरू हो जाएगी।

**आईपीएल: विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक**

# आरसीबी ने एकतरफा मुकाबले में पंजाब किंग्स को सात विकेट से हराया

**एजेंसी** | मुल्लांपुर

कृणाल पांड्या और सुयश शर्मा की उम्दा गेंदबाजी के बाद विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल के अर्धशतक से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां पंजाब किंग्स को एकतरफा मुकाबले में सात विकेट से हरा दिया। पंजाब के 158 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल (61 रन, 35 गेंद, चार छक्के, पांच चौके) के बीच दूसरे विकेट की 103 रन की साझेदारी से सात गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 159 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। कोहली ने 54 गेंदों पर सात चौके व एक छक्के की मदद से 73 रन बनाए। वहीं, पडिक्कल ने 35 गेंद पर चार छक्कों व पांच चौकों की मदद से 61 रन बनाए। इस जीत के साथ आरसीबी की टीम पंजाब किंग्स सहित उन पांच टीमों में शामिल हो गई जिन्होंने अब तक सर्वाधिक 10 अंक जुटाए हैं।


विराट कोहली

पंजाब किंग्स ने इससे पहले छह विकेट पर 157 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर कृणाल (25 रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर सुयश (26 रन पर दो विकेट) की फिरकी के सामने पंजाब की टीम ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और उसका कोई बल्लेबाज अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाया।

सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 33 रन बनाकर पंजाब के शीर्ष स्कोरर रहे जबकि शशांक सिंह ने नाबाद 31 रन बनाए। जोश इंग्लिस (29), मार्को यानसेन (नाबाद 25) और प्रियांश आर्य (22) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं।

**आईपीएल: रोहित और सूर्यकुमार के धमाकेदार अर्धशतक**

# मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को नौ विकेट से आसानी से हराया

**एजेंसी** | मुंबई

मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा (नाबाद 76 रन) और सूर्यकुमार यादव (नाबाद 68 रन) के नाबाद अर्धशतकों तथा दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 54 गेंद में 114 रन की अटूट साझेदारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में एकतरफा मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। मुंबई इंडियंस इस जीत से आठ अंक लेकर कोलकाता नाइटराइडर्स को हटाकर तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई जबकि चेन्नई सुपर किंग्स चार अंक से अंतिम स्थान पर है। रोहित ने 45 गेंद की पारी के दौरान चार चौके और छह छक्के जड़कर फॉर्म में वापसी की जबकि सूर्यकुमार ने 30 गेंद खेलते हुए छह चौके और पांच छक्के जमाकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मुंबई इंडियंस ने रोहित और सूर्यकुमार के तूफान से चेन्नई सुपर किंग्स के 176 रन के लक्ष्य को 15.4 ओवर में एक विकेट पर 177 रन बनाकर हासिल कर लिया।


रोहित शर्मा

इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद चेन्नई सुपर किंग्स रविंद्र जडेजा (नाबाद 53 रन) और शिवम दुबे (50 रन) के अर्धशतकों की मदद से पांच विकेट 176 रन के स्कोर तक पहुंची।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने धीमी शुरूआत की। पर आईपीएल में पदार्पण करने वाले 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे ने 15 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 32 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिर दुबे और जडेजा ने चौथे विकेट के लिए 50 गेंद में 79 रन की अहम साझेदारी बनाई।

## अलगाववादियों ने की गुरुद्वारे में तोड़फोड़

**ओटावा।** कनाडा के वैंकूवर में एक गुरुद्वारे में तोड़फोड़ की गई और खालिस्तान समर्थक भित्तिचित्र बनाए गए। गुरुद्वारे के पदाधिकारियों ने इस कृत्य के लिए सिख अलगाववादियों के एक छोटे समूह को जिम्मेदार ठहराया है। 'वैंकूवर सन' की एक रिपोर्ट के अनुसार, वैंकूवर पुलिस विभाग के प्रवक्ता सार्जेंट स्टीव एडिसन ने कहा कि वह शनिवार को रॉस स्ट्रीट गुरुद्वारे पर बनाए गए भित्तिचित्र मामले की जांच कर रही है।

## कुरैशी EC नहीं, बल्कि 'मुस्लिम आयुक्त' थे: दुबे

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ टिप्पणी से हंगामा मचाने के बाद भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को एस. वाई. कुरैशी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह चुनाव आयुक्त नहीं बल्कि एक मुस्लिम आयुक्त थे। इससे पहले कुरैशी ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम की आलोचना करते हुए इसे मुस्लिमों की भूमि हड़पने की सरकार की भयावह और बुरी योजना बताया था। कुरैशी भारत के पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त हैं।

## राहुल अमेरिका पहुंचे, यूनिवर्सिटी में देंगे भाषण

**न्यूयॉर्क।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अमेरिका पहुंच गए हैं। अमेरिका पहुंचने के बाद गांधी ने यहां कारोबारियों और प्रवासी भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत की है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शनिवार को अमेरिका पहुंचे। वह 21-22 अप्रैल को रोड आइलैंड में ब्राउन यूनिवर्सिटी का दौरा करेंगे। 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के प्रमुख सैम पित्रोदा ने रविवार को एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

**भारत-अमेरिका में व्यापार समझौते पर वार्ता 23 अप्रैल से**

# गैर शुल्क बाधाएं कम करने व बाजार में पहुंच पर होगी मंत्रणा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में तेजी आ रही है। दोनों देशों के मुख्य वार्ताकारों के बीच पहली आमने-सामने की तीन दिवसीय वार्ता 23 अप्रैल को वाशिंगटन में शुरू होने वाली है।

बातचीत में शुल्क, गैर-शुल्क बाधाएं, उत्पत्ति के नियम और विनियामक मामले जैसे मुद्दे शामिल होंगे। अमेरिका और भारत की कोशिश है कि इस साल सितंबर-अक्टूबर तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण को पूरा कर लिया जाए। इसके तहत, दोनों पक्ष सीमित संख्या में वस्तुओं के लिए अधिक बाजार पहुंच और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने जैसे मुद्दों पर चर्चा कर सकते हैं। इससे बाद के चरणों में अधिक जटिल वार्ता जैसे सरकारी खरीद और डिजिटल व्यापार जैसे मुद्दे के लिए मंच तैयार हो सकता है।

प्रस्तावित तीन दिवसीय विचार-विमर्श काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने पहले कहा था कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा घोषित 90-दिन के शुल्क विराम के दौरान अंतिम रूप दिया जा सकता है। ज्ञात रहे कि अमेरिका ने भारत को जवाबी शुल्क से 90 दिन की राहत दी है और उम्मीद जताई जा रही है कि इस दौरान दोनों देश किसी सहमति पर पहुंच जाएंगे।

दोनों पक्षों ने व्यापार समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को भी अंतिम रूप दिया है।



### संदर्भ शर्तों को दिया अंतिम रूप

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए संदर्भ की शर्तों (टीओआर)में लगभग 19 अध्याय हैं। इनमें शुल्क, सामान, गैर-शुल्क बाधाएं और सीमा शुल्क सुविधा जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है। वार्ता को और गति देने के लिए भारत का एक आधिकारिक दल अगले सप्ताह अमेरिका जा रहा है। भारत के मुख्य वार्ताकार, वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल, दोनों देशों के बीच आमने-सामने की पहली वार्ता के लिए टीम का नेतृत्व करेंगे। अग्रवाल को 18 अप्रैल को अगले वाणिज्य सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था। वह एक अक्टूबर से पदभार ग्रहण करेंगे। भारत ने पहले भी ऑस्ट्रेलिया के साथ इस तरह चरणों में समझौता किया है। भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता 29 दिसंबर, 2022 को लागू हुआ था। अब दोनों देश इसके दायरे को बढ़ाकर एक व्यापक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।

**लोक सेवा दिवस आज**

# PM मोदी करेंगे लोक सेवकों को संबोधित

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को लोक सेवा दिवस के अवसर पर लोक सेवकों को संबोधित करेंगे। कार्मिक मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान में कहा गया कि मोदी जिलों और केंद्र/राज्य सरकारों में चिह्नित प्राथमिकता कार्यक्रमों और नवाचार के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगे।

इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी समग्र विकास और नवाचारों पर ई-पुस्तकें भी जारी करेंगे, जिनमें प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों और नवाचारों के कार्यान्वयन की सफलता की कहानियां शामिल होंगी। इस दौरान पुरस्कार विजेता पहल पर आधारित एक फिल्म भी दिखाई जाएगी।

बयान में कहा गया कि यह सातवां अवसर होगा जब मोदी राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस समारोह को संबोधित करेंगे। यह कार्यक्रम यहां विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा।



## संस्कृति पर पीएम मोदी के भाषण पुस्तक में संकलित

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 2015 के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिए गए भाषण से लेकर पिछले साल वाराणसी में एक नेत्र अस्पताल के उद्घाटन समारोह में दिए गए भाषण तक, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विभिन्न सांस्कृतिक विषयों पर दिए गए 34 भाषणों को अब एक पुस्तक में संकलित किया गया है। 'संस्कृति का पांचवां अध्याय' शीर्षक वाले इस पुस्तक में पिछले 10 वर्षों में विभिन्न अवसरों पर मोदी द्वारा भारतीय संस्कृति, परंपराओं, आध्यात्मिक मूल्यों व विरासत पर दिए गए भाषणों का उल्लेख है।

**घर में खून से लथपथ मिला शव**

# कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की हत्या की आशंका

**एजेंसी** | बेंगलुरु

कर्नाटक के पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ओम प्रकाश रविवार को रहस्यमय परिस्थितियों में बेंगलुरु स्थित अपने आवास में मृत पाए गए। शव पर चोटों के निशान होने के कारण यह संदेह है उनकी हत्या की गई होगी। पुलिस ने बताया कि प्रकाश (68) की पत्नी पल्लवी ने घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। प्रकाश का शव एचएसआर लेआउट स्थित उनके तीन मंजिला आवास के भूतल पर खून से लथपथ मिला। पुलिस ने घटना के संबंध में प्रकाश की पत्नी और बेटी से पूछताछ शुरू कर दी है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त विकास कुमार विकास ने संवाददाताओं को बताया कि शाम करीब साढ़े चार बजे पुलिस को घटना की सूचना मिली और गश्ती वाहन मौके पर पहुंचा।



**'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कार्यशाला आयोजित**

# BJP ने किया मंथन, शुरू होगा अभियान

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को कहा कि पार्टी 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए जल्द ही शहर में एक अभियान शुरू करेगी ताकि इस पर पार्टी के रुख के लिए समर्थन जुटाया जा सके।

सचदेवा ने कहा कि इस अभियान को दिल्ली के हर घर तक ले जाया जाएगा और एक जन जागरुकता आंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसमें बताया जाएगा कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' से समाज और राष्ट्र को कैसे लाभ मिल सकता है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल द्वारा दिल्ली इकाई कार्यालय में आयोजित कार्यशाला में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद और विधायक शामिल हुए। सचदेवा ने कहा कि उन्हें बंसल से बहुमूल्य मार्गदर्शन मिला और 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को राष्ट्रीय अभियान बनाने पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव होने से देश के विकास में बाधा आती है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 30 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो हर साल किसी न किसी राज्य में चुनाव होते हैं और हर पांच साल में लोकसभा चुनाव के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होते हैं। इससे चुनावी प्रक्रिया जटिल हो जाती है। ओएनओई एक राष्ट्रीय आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव के माध्यम से हम देश का समय, धन और संसाधन बचाकर एक विकसित राष्ट्र की कल्पना कर सकते हैं।

## सीएम योगी ने दिया नव दंपती को आशीर्वाद



*लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह के सुपुत्र के शुभ विवाह समारोह में सम्मिलित होकर नव-दंपती को आशीर्वाद प्रदान किया।*

**कानून मंत्रालय का जनहित के फैसलों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर, कहा-**

# मुकदमों का बढ़ रहा है बोझ, कमी लाए सरकार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

- केंद्र सरकार सात लाख मामलों में है पक्षकार
- 1.9 लाख मामलों में अकेला वित्त मंत्रालय है पक्षकार

कानून मंत्रालय ने केंद्र सरकार से जुड़े मुकदमों की संख्या में कमी लाने की अहमियत को रेखांकित किया है। उसने कहा है कि जनहित में लिए गए फैसलों के अप्रभावी क्रियान्वयन से मुकदमों का बोझ बढ़ सकता है, क्योंकि इनके लाभ से वंचित लक्षित लाभार्थी कानून का सहारा ले सकते हैं।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, केंद्र सरकार विभिन्न अदालतों में लंबित लगभग सात लाख मामलों में पक्षकार है, जिनमें से 1.9 लाख मामलों में अकेले वित्त मंत्रालय ही पक्षकार है। मुकदमेबाजी के कुशल प्रबंधन पर केंद्रीय कानून मंत्रालय के एक दस्तावेज के अनुसार, विभिन्न फैसलों और कार्रवाइयों का मकसद जनहित और बेहतर प्रशासन को बढ़ावा देना है।



दस्तावेज में कहा गया है कि कभी-कभी इन फैसलों के अप्रभावी क्रियान्वयन से लक्षित लाभार्थी वंचित रह जाते हैं या अपात्र लाभार्थी लाभान्वित हो जाते हैं। कुछ मामलों में, प्रभावित पक्ष कुछ निर्णयों को अनुचित मान सकते हैं और कानून का सहारा ले सकते हैं। इसमें केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की ओर से फैसलों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के महत्व पर प्रकाश डाला गया है।

दस्तावेज में कहा गया है कि कानून मंत्रालय के विधि मामलों के विभाग ने भारत सरकार से जुड़े मुकदमों के कुशल एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए दिशा-निर्देश तैयार किए हैं, जिनका मकसद ऐसे मामलों की संख्या में कमी लाना और उनकी रोकथाम करना है। इसमें स्पष्ट किया गया है कि सभी केंद्रीय मंत्रालयों के लिए इन दिशा-निर्देशों पर अमल करना अनिवार्य है।

### कानून मंत्रालय ने दिए हैं कई सुझाव

दस्तावेज के मुताबिक, अदालतों में अनावश्यक अपील की संख्या में कमी लाना और अधिसूचनाओं एवं आदेशों में विसंगतियों को दूर करना केंद्र सरकार पर मुकदमों का बोझ घटाने के लिए कानून मंत्रालय की ओर से सुझाए गए प्रमुख उपायों में शामिल है।

### दिशा-निर्देशों का यह है मकसद

कानूनी प्रक्रियाओं को सरल बनाने, अनावश्यक मुकदमेबाजी को रोकने, अधिसूचनाओं एवं आदेशों में विसंगतियों को दूर करने और गैरजरूरी अपील की संख्या को कम से कम करने के लिए कड़े उपाय लागू करना।

### यह कहा था विधि मंत्री मेघवाल ने

विधिक सूचना प्रबंधन एवं ब्रीफिंग प्रणाली (एलआईएमबीएस) पर उपलब्ध आंकड़ों का हवाला देते हुए विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने फरवरी में राज्यसभा में कहा था कि भारत सरकार लगभग सात लाख लंबित मामलों में पक्षकार है। इनमें से लगभग 1.9 लाख मामलों में वित्त मंत्रालय को एक पक्ष के रूप में उल्लेखित किया गया है।

**सीजेआई पर टिप्पणी को लेकर उठाए सवाल**

# दुबे व दिनेश शर्मा को पार्टी से निष्कासित करे भाजपा: कांग्रेस

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कांग्रेस ने भाजपा के सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा द्वारा उच्चतम न्यायालय की आलोचना किए जाने के बाद पार्टी को खुद से इससे अलग करने की कवायद को डैमेज कंट्रोल करार दिया और कहा कि सांसदों को पार्टी से निष्कासित कर दिया जाना चाहिए।

विपक्षी दल ने यह भी जानना चाहा कि दोनों के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई और उन्हें कारण बताओ नोटिस क्यों नहीं जारी किया गया। कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश पर दो सांसदों द्वारा की गई घृणित टिप्पणियों से 'निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष' का दूरी बनाना कोई मायने नहीं रखता। रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा कि भाजपा अध्यक्ष का स्पष्टीकरण डैमेज कंट्रोल के अलावा कुछ नहीं है। इससे कोई मूर्ख नहीं बनेगा। यह 'एंटायर पॉलिटिकल साइंस के बजाए एंटायर पॉलिटिकल हिपोक्रेसी' है।

कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक ने रमेश की टिप्पणी को टैग करते हुए 'एक्स' पर कहा कि सीजेआई और उच्चतम न्यायालय के खिलाफ भद्दी टिप्पणी करने वाले भाजपा सांसदों के खिलाफ न्यूनतम कार्रवाई उन्हें पार्टी से निष्कासित करना है।

## जेकेके की अलंकार आर्ट गैलरी में SIRA नेशनल आर्ट एग्जीबिशन का समापन

# हर फ्रेम में छिपी एक कहानी, रंगों में आत्मा और रेखाओं में बसी संस्कृति

बेधड़क | जयपुर

रचनात्मकता से सजी दीवारें... हर फ्रेम में एक कहानी, रंगों में आत्मा और रेखाओं में बसी संस्कृति। जब कला सिर्फ देखने की चीज नहीं रहती, बल्कि महसूस होने लगे तो समझिए कि वह कोई आम प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक जीवंत अनुभव है। एसआइआरए नेशनल आर्ट एग्जीबिशन 2025 का 13वां संस्करण ऐसा ही एक भावनात्मक और कलात्मक संगम बनकर उभरा।

जवाहर कला केंद्र स्थित अलंकार आर्ट गैलरी में रविवार को इस एग्जीबिशन का समापन हुआ। दो दिवसीय इस कला प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात कलाकार और प्रोफेसर अन्नपूर्णा शुक्ला तथा प्रसिद्ध चित्रकार वीरेन्द्र बन्नू ने किया। देशभर से आए 80 से अधिक नामचीन कलाकारों की भागीदारी ने इस आयोजन को समकालीन भारतीय कला का जीवंत उत्सव बना दिया। प्रदर्शनी में पारंपरिक शैलियों से लेकर आधुनिक व्याख्याओं तक, विविध शैलियों, विषयों और तकनीकों का बेमिसाल संगम देखने को मिला। गैलरी में कला प्रेमियों, संग्रहकर्ताओं और रचनात्मक व्यक्तियों की भीड़ रही। लाइव पेंटिंग सेशंस और हस्तनिर्मित उत्पादों ने विजिटर्स का ध्यान खींचा।



अपने कलेक्शन के साथ दीपिका वर्मा।



### कलाकारों का सम्मान करने की अपील

दीपिका महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से काम कर रही हैं और अपनी ऑल-वुमन टीम को 20 कारीगरों तक विस्तार देने का संकल्प रखती हैं। उन्होंने लोगों से हस्तनिर्मित उत्पादों को अपनाने और कलाकारों के परिश्रम का सम्मान करने की अपील की। दीपिका ने कहा कि हम अपनी हर रचना से भावनात्मक रूप से जुड़े होते हैं। हर एक पीस हमारी आत्मा का एक हिस्सा होता है। वे 'मैनिफेस्टेशन' की शक्ति में गहराई से विश्वास रखती हैं और मानती हैं कि इसी सकारात्मक सोच ने उन्हें हर चुनौती से उबरने में मदद की है। यही दृष्टिकोण उन्हें उनके रचनात्मक मार्ग पर केंद्रित, दृढ़ और प्रतिबद्ध बनाए रखता है।


अवंतिका चौधरी, ऋषभ निगम और वीरेन्द्र बन्नू





### 'क्राफ्टलाइनबाईदीप' रही आकर्षण का केंद्र

प्रदर्शनी में 'क्राफ्टलाइनबाईदीप' विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इसकी संस्थापक दीपिका वर्मा ने अपने हस्तनिर्मित उत्पादों के जरिए पारंपरिक राजस्थानी कला को समकालीन डिजाइन के साथ प्रस्तुत किया। आम की लकड़ी, एमडीएफ, एक्रिलिक, मिट्टी और शीशा कार्य जैसे माध्यमों का उपयोग कर बनाई गई उनकी वॉल और डोर हैंगिंग्स को सांस्कृतिक सौंदर्य और आधुनिकता का बेहतरीन संगम रहा, जिसे खूब पसंद किया गया।




## Get Well Soon



**मुंबई।** डॉ. जगदीश चंद्र ने ऑपरेशन के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रही महंत कैलाश शर्मा की पत्नी सरिता शर्मा से मुंबई के फेयरमोंट होटल में रविवार शाम को मुलाकात की। डॉ. चंद्र ने उनका हालचाल जाना और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान सरिता शर्मा के नाती-नातिन सौम्या और ऋषित उपस्थित रहे। बता दें कि सरिता शर्मा का हाल ही में मुंबई के धीरूभाई अंबानी कोकिलाबेन अस्पताल में ऑपरेशन हुआ था, जिसके बाद रविवार सुबह उन्हें डिस्चार्ज किया गया। अभी वे फेयरमोंट होटल में स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं जहां से बुधवार देर रात जयपुर लौटेंगी।

### डिजाइनर खादी स्टोर का शुभारंभ आज

**बेधड़क. जयपुर।** पांच बत्ती स्थित पटेल कॉलोनी में सोमवार सुबह 11 बजे पहले डिजाइनर खादी स्टोर का शुभारंभ किया जाएगा। उद्घाटन समारोह की चीफ गेस्ट उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी होंगी और गेस्ट ऑफ ओनर फर्स्ट इंडिया न्यूज के सीईओ एंड मैनेजिंग एडिटर पवन अरोड़ा होंगे।

### प्री-वेडिंग डिनर में दी शुभकामनाएं



**बेधड़क. जयपुर।** यशपाल और नीना तनेजा की बेटी मान्या तनेजा के प्री-वेडिंग डिनर समारोह का आयोजन शनिवार को खोले के हनुमानजी मंदिर में किया गया। खास मौके को परिजनों और मित्रों ने आशीर्वाद और स्नेह से यादगार बना दिया। समारोह में डॉ. जगदीश चंद्र ने मान्या को शुभकामनाएं दीं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर परिवार के सदस्य निखिल तनेजा, रीमा गुरुदत्ता सहित कई दोस्त और स्पेशल गेस्ट मौजूद रहे। गौरतलब है कि मान्या की शादी 28-29 अप्रैल को गुरुग्राम में होगी।

## Events

### सराफ ने किया ओपन जिम का लोकार्पण




**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने वार्ड 145, लव-कुश नगर में नगर निगम ग्रेटर की ओर से स्थापित ओपन जिम का लोकार्पण किया। इस मौके पर सराफ ने कहा कि पार्कों में ओपन जिम लग जाने से यहां आने वाले लोगों को व्यायाम करने में सुविधा होगी और वे स्वस्थ रहेंगे। पार्षद नरेश शर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ ने विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की घोषणा भी की है। स्थानीय लोगों और विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर वेद रामचरण शर्मा, दौलत गुप्ता, नवीन जैन, रेखा तिवाड़ी, मनोज पींगोलिया, कैलाश जोशी, सुधा सोडाणी व अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने ओपन जिम शुरू होने पर खुशी जाहिर की।

### डीजे एलन की बीट्स पर झूमे युवा

**बेधड़क. जयपुर।** वर्ल्ड फेमस मास्क वाले इंटरनेशनल डीजे और म्यूजिक प्रोड्यूसर एलन वॉकर की बीट्स पर जयपुराइट्स झूम उठे। वे रविवार को जेईसीसी में परफॉर्म करने पहुंचे थे। मास्क और हुडी लगाकर उन्होंने जैसे ही स्टेज पर एंट्री ली, युवा रोमांचित हो उठे। एलन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में जयपुराइट्स तो पहुंचे ही थे, वहीं मुंबई, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और गुजरात के साथ यूपी से भी कुछ लोग गुलाबी नगरी में थे। गौरतलब है कि एलन वॉकर 'वॉकर वर्ल्ड इंडिया टूर-2025' के तहत इंडिया में हैं। इस दौरान वे कई सिटीज में परफॉर्म करेंगे।

### शिविर में 340 नेत्र रोगियों की जांच



**बेधड़क. जयपुर।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा शाखा उदयपुरिया, सीकर रोड, जयपुर में रविवार को 30वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कैलगिरी आई हॉस्पिटल की वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव व उनकी टीम ने कुल 340 रोगियों की जांच की। इनमें से 310 मरीजों को चश्मे के नंबर बताए गए, जबकि 30 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण हेतु भर्ती कर कैलगिरी आई हॉस्पिटल भेजा गया। यह शिविर राजावास स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन पर सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुआ। शिविर का शुभारंभ संत निरंकारी मंडल, जोन 20-बी के जोनल इंचार्ज सुनील बाली, संयोजक नाथूलाल निरंकारी एवं वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने किया। शाखा उदयपुरिया, जयपुर में यह 30वां नेत्र चिकित्सा शिविर था। अब तक इन शिविरों के माध्यम से 400 से अधिक मोतियाबिंद के सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। इस अवसर पर निरंकारी सत्संग का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने सेवा और आध्यात्मिकता के संदेशों को आत्मसात किया।

## क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो में फर्स्ट इंडिया न्यूज को बेस्ट न्यूज चैनल के अवार्ड से नवाजा

# 90 करोड़ से अधिक की ऑन द स्पॉट बुकिंग सात हजार विजिटर्स ने कराया रजिस्ट्रेशन

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित चार दिवसीय क्रेडाई रियल एस्टेट एक्सपो–2025 का रविवार को समापन हुआ। क्रेडाई राजस्थान की ओर से आयोजित इस एक्सपो में 90 करोड़ रुपए से अधिक की ऑन द स्पॉट बुकिंग दर्ज की गई, जबकि 7 हजार से ज्यादा विजिटर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया। कार्यक्रम में क्रेडाई राजस्थान के चेयरमैन गोपाल गुप्ता, प्रेसिडेंट संजय गुप्ता, महासचिव रविन्द्र प्रताप सिंह, कन्वीनर गिर्राज अग्रवाल, को-कन्वीनर कृष्णा गुप्ता और अमित विजयवर्गीय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और डॉ. प्रेम चंद बैरवा, विधायक कालीचरण सराफ, बालमुकुंद, विकास चौधरी और महापौर कुसुम यादव ने भी सहभागिता दर्ज कराई।

एक्सपो में 50 से अधिक स्टॉल्स पर 400 से ज्यादा प्रॉपर्टी मॉडल्स प्रदर्शित किए गए, जिनमें टेक-फ्रेंडली ऑटोमेशन फीचर्स, मल्टीस्टोरी फ्लैट्स, विला, फार्महाउस और ओपन लैंड जैसे विकल्प विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। मोटिवेशनल स्पीकर सोनू शर्मा की प्रेरक प्रस्तुति ने आयोजन को विशेष बना दिया। को-कन्वीनर कृष्णा गुप्ता ने बताया कि जयपुर की विरासत को आधुनिकता से जोड़ते हुए इस एक्सपो में इको-फ्रेंडली और स्मार्ट होम्स की झलक प्रस्तुत की गई। वर्धमान ग्रुप, पीएनबी, भव्या ग्रीन, त्रिमूर्ति कॉलोनाइजर्स एंड बिल्डर्स और ईसीई एलिवेटर्स (बिरला ग्रुप) आयोजन के सहयोगी पार्टनर रहे।


अवॉर्ड ग्रहण करते एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत। साथ में हैं अमित विजयवर्गीय, कृष्णा गुप्ता और रवींद्र प्रताप।

### सम्मान समारोह का आयोजन

एक्सपो के अंतिम दिन रविवार को समापन पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें फर्स्ट इंडिया न्यूज को बेस्ट न्यूज चैनल के अवार्ड से नवाजा गया। फर्स्ट इंडिया न्यूज की ओर से सीनियर एडिटर जिनेंद्र सिंह शेखावत ने अवॉर्ड ग्रहण किया। आयोजन के तहत सभी सहयोगियों को महासचिव रवींद्र प्रताप सिंह ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

## स्नेह मिलन में जनहित के कार्यों पर चर्चा



**बेधड़क, जयपुर।** कानोता हीरावाला इंडस्ट्रियल एरिया एसोसिएशन की वार्षिक साधारण सभा व स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन अध्यक्ष अवनीश सिंघल ने की। साथ ही इस दौरान एसोसिएशन सदस्यों को सम्मानित किया गया। समारोह में वार्षिक कार्यों की समीक्षा, भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श और संगठन की मजबूती के लिए सुझाव लिए गए। एसोसिएशन की ओर से जन सरोकार व सार्वजनिक हितों को लेकर जनहित के कामों को बताया गया। आयोजकों ने बताया कि जनहित के तहत रक्तदान, पौधरोपण जैसे कार्य किए जाते हैं।

**संगीत कार्यक्रम** | 40 महिला-पुरुष सिंगर्स ने डुएट प्रस्तुतियों से किया मुग्ध

# सिंगिंग टैलेंट से साबित किया 'मेरी आवाज ही पहचान है'

बेधड़क | जयपुर

जब मंच पर एक के बाद एक दिल छू लेने वाले डुएट गीत गूंजे तो दर्शकों की तालियों ने जता दिया कि नवोदित गायकों ने संगीत प्रेमियों का दिल जीत लिया है।

अवसर था चित्रांश आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन की ओर से आयोजित संगीत कार्यक्रम 'मेरी आवाज ही पहचान है' का, जिसका 5वां संस्करण जवाहर कला केंद्र के रंगायन ऑडिटोरियम में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धांजलि से हुई, जिसके बाद 20 पुरुष और 20 महिला गायकों की युगल प्रस्तुतियों ने मंच पर समां बांध दिया।

सुनील दत्त-मधु माथुर की 'कितना प्यारा वादा', संजय भटनागर-शालिनी वर्मा की 'जहां में जाती हूं', डॉ. अशोक माथुर की 'छलकाए जाम', डॉ. अनिल सक्सेना-कविता सक्सेना की 'हमसफर मेरे हमसफर' और रोहित-राहुल माथुर की 'यह दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे' जैसी प्रस्तुतियों ने भावनाओं को छू लिया।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

### किसी भी गीत को दोबारा नहीं गाया

श्रेयास सक्सेना और रिचा माथुर की मेडले प्रस्तुति और शिवम श्रीवास्तव की लाइव परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम को नई ऊंचाई दी। मंच संचालन मृदुला पाटनी ने किया। मुख्य अतिथि नरेंद्र कुमार निगम और विमला निगम रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में देवेंद्र सक्सेना मधुकर, एस. के. श्रीवास्तव, जे. पी. माथुर सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम निर्देशक राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि मंच से अब तक 220 नवोदित कलाकारों को प्रस्तुति का अवसर मिल चुका है। खास बात यह रही कि सभी प्रस्तुतियां डुएट फॉर्मेट में थीं और किसी भी गीत की पुनरावृत्ति नहीं हुई।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

FIRST INDIA

सच बेधड़क

जयपुर, सोमवार, 21 अप्रैल, 2025



सफलता प्रयास, धैर्य और योजना से आती है।

डॉ. जगदीश चंद्र
सीएमडी एंड एडिटर इन चीफ



सीएम ने यमुना जल समझौते के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की

# मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, मिशन मोड पर करें काम



पिलानी में यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा बैठक में मौजूद सीएम भजनलाल शर्मा व अन्य।

■ परियोजना की अनुमानित लागत 19 हजार करोड़ रुपए

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने तीन दिवसीय शेखावाटी दौरे के दूसरे दिन रविवार को पिलानी में यमुना जल समझौता को लेकर बैठक की। सीएम ने कहा कि यमुना जल समझौता शेखावाटी अंचल में जल संकट को स्थायी रूप से दूर करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के धरातल पर उतरने के बाद सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित अन्य क्षेत्रों को पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिलेगा। पिलानी स्थित केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान में यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीएम ने कहा कि योजना के प्रथम चरण में सीकर, चूरू और झुंझुनूं में पेयजल की आपूर्ति होगी। द्वितीय चरण में चूरू और झुंझुनूं जिलों में सिंचाई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सीएम ने स्पष्ट किया कि यमुना जल को ताजेवाला हेड (हथिनी कुंड बैराज) से लाने के लिए प्रवाह प्रणाली की कार्य योजना की प्रभावी मॉनिटरिंग और शीघ्र क्रियान्वयन के लिए सरकार गंभीर है। इसी दिशा में जल संसाधन विभाग द्वारा 'अतिरिक्त मुख्य अभियंता, यमुना जल' के नए पद का सृजन किया गया है।

### बिट्स पिलानी, आईआईटी का सहयोग भी लिया जाए: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी आवश्यक संसाधन सुनिश्चित किए जाएंगे। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) मिशन मोड में तैयार की जाए। इसके लिए बिट्स पिलानी, आईआईटी जैसी उच्चस्तरीय संस्थाओं का सहयोग लिया जाए। परियोजना के कार्यों में आपसी सहयोग और समन्वय के साथ योजना बनाई जाए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा और राजस्थान की संयुक्त टास्क फोर्स की पहली बैठक 7 अप्रैल को यमुनानगर में हुई। इसमें यमुना जल लाने के लिए 253 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन का विकल्प सबसे अच्छा पाया गया, जिसका परीक्षण हरियाणा के अधिकारियों के सहयोग से किया जाएगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 19 हजार करोड़ रुपए होगी। बैठक में मंत्री सुरेश सिंह रावत, अविनाश गहलोत, झाबर सिंह खर्रा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएम भजनलाल शर्मा का तीन दिवसीय शेखावाटी दौरा

## मुख्यमंत्री ने झुंझुनूं में जनसुनवाई की... आमजन को दी राहत



देव दर्शन...



जनसुनवाई...

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शेखावाटी दौरे के दूसरे दिन रविवार को झुंझुनूं के सर्किट हाउस में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी व्यक्तिगत और सामूहिक समस्याओं को लेकर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, विद्युत, पीएचईडी, पीडब्ल्यूडी, राजस्व और कृषि विभाग से संबंधित परिवेदनाओं पर खास ध्यान दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान तय समयसीमा में करें और जनहित के कार्यों में लापरवाही न बरती जाए। इस मौके पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, विधायक राजेन्द्र भांबू, विक्रम सिंह जाखल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### प्रदेश की खुशहाली की कामना

मुख्यमंत्री ने सीकर जिले के फतेहपुर स्थित चित्रकूट बालाजी मंदिर और श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने चित्रकूट बालाजी मंदिर परिसर में स्थित कामधेनु-शिव मंदिर और बालाजी मंदिर में दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-शांति की कामना की। साथ ही संत शिरोमणि बुद्ध गिरी महाराज की मढ़ी जाकर वहां हिंगलाज माता और शिव मंदिर में भी दर्शन किए। बाद में श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में पूजा कर समृद्ध और विकसित राजस्थान की कामना की।

बेधड़क FIRST

### अब आर-पार के मूड में जयदीप बिहाणी!

आरसीए एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी ने अब गियर बदला है। जयदीप बिहाणी आरसीए का चुनाव कराने में जुट गए हैं। दरअसल खेल परिषद ने कमेटी को आईपीएल में दरकिनार कर दिया है। आरसीए की चुनी हुई कार्यकारिणी के अभाव में खेल परिषद पॉवरफुल हुई है। ऐसे में अब बिहाणी ने थक-हार कर चुनाव कराने का फैसला किया है, जिससे कार्यकारिणी बनने पर खेल परिषद का हस्तक्षेप बंद हो जाए। संभावना जताई जा रही है कि मई महीने में आरसीए के चुनाव हो सकते हैं।

### राजस्थान रॉयल्स के खराब प्रदर्शन पर उठे सवाल

राजस्थान रॉयल्स की टीम बार-बार जीत के करीब आकर मैच हार रही है। लखनऊ के खिलाफ मैच में रॉयल्स को 6 गेंद पर 9 रन चाहिए थे। टी-20 क्रिकेट में 9 रन बनाना कोई बड़ा टास्क नहीं है, लेकिन फिर भी जयपुर के आसान विकेट पर रॉयल्स टीम हार गई। दिल्ली के खिलाफ मैच में भी इसी तरह का लक्ष्य रॉयल्स के पास था, लेकिन तब भी रॉयल्स टीम मुकाबला हार गई थी। ऐसे में अब राजस्थान रॉयल्स टीम पर सवाल उठने लगे हैं। क्या रॉयल्स टीम में सबकुछ ठीकठाक नहीं चल रहा है?

### RCA में एक अनार, सौ बीमार!

आरसीए चुनावों की हलचल एक बार फिर से शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में एडहॉक कमेटी ने जिला संघों से जानकारियां मांगी है। कमेटी पिछले एक साल में पहली बार चुनाव को लेकर सक्रिय हुई है, लेकिन ये चुनाव आरसीए के लिए आसान नहीं होने वाले हैं, क्योंकि अध्यक्ष व सचिव पद के लिए कई नेता और नेता पुत्र इस दौड़ में हैं। वहीं, भाजपा के कई नेताओं ने जिला संघों में एंट्री भी कर ली है। ऐसे में चुनाव के समय सर्वसम्मति बनना काफी मुश्किल नजर आ रहा है।

### जलदाय विभाग यानी भ्रष्टाचार का अड्डा!

एसई अशोक जांगिड़ पर एसीबी की कार्रवाई के बाद जलदाय विभाग एकबार फिर चर्चाओं में आ गया है, क्योंकि विभाग के चीफ इंजीनियर तक एसीबी में ट्रैप हो चुके हैं। जल जीवन मिशन में करोड़ों का घोटाला हुआ था। ऐसे में एसीबी ने कई अफसरों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की थी। जिसे खुद जलदाय मंत्री ने विधानसभा में स्वीकारा था और कहा था, 'भ्रष्टाचार के मामले में सख्त कार्रवाई होगी और कोई नहीं बचेगा।' जलदाय विभाग में अफसरों व ठेकेदारों का गठजोड़ चलता है। इसी गठजोड़ से अशोक जांगिड़ ने अकूत संपत्ति इकट्ठा की। अब एसीबी की कार्रवाई में एक-एक करके परतें उधड़ रही हैं।

फलोदी में बोले केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत

## राजस्थान सरकार भेजे प्रस्ताव, केंद्र करेगा काम: शेखावत

बेधड़क | फलोदी

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार को फलोदी कलेक्ट्रेट में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को बुनियादी व्यवस्था को लगातार बेहतर करते रहने को कहा।

इस दौरान फलोदी विधायक पब्बाराम विश्नोई, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, प्रधान प्रतिनिधि रतन सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद पत्रकार वार्ता के दौरान शेखावत ने स्पष्ट किया कि यदि राजस्थान सरकार पर्यटन विकास से जुड़े प्रस्ताव भेजेगी, तो केंद्र सरकार निश्चित रूप से उस पर काम करेगी।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार पर्यटन राज्य का विषय है, लेकिन केंद्र इसके विकास में पूरा सहयोग देने को तैयार है। फलोदी के विकास को लेकर उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र अब नया जिला बना है और इसे एक मजबूत नींव दी जाएगी ताकि आने वाले वर्षों में इसका सुनियोजित विकास सुनिश्चित किया जा सके।




फलोदी कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक करते केंद्रीय मंत्री शेखावत।

### कांग्रेस ने किया बाबा साहेब के साथ अन्याय

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत फलोदी में आयोजित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सम्मान सभा और वक्फ सुधार जन जागरण अभियान में शामिल हुए। यहां उन्होंने कांग्रेस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब को केवल संविधान निर्माता तक सीमित कर दिया, जबकि उनका विचार और व्यक्तित्व बहुत व्यापक था।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का आबूरोड दौरा आज



बेधड़क.जयपुर। केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को ब्रह्माकुमारीज संस्थान के मुख्यालय शांतिवन का दौरा करेंगे। वह सुबह 10 बजे दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 12.10 बजे मानपुर हवाई पट्टी पहुंचेंगे। यहां जिला प्रशासन और ब्रह्माकुमारीज के पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे। रक्षामंत्री 12.30 बजे डायमंड हॉल पहुंचेंगे। यहां वह देशव्यापी स्व सशक्तीकरण से राष्ट्र सशक्तीकरण कैंपेन की शुरुआत करेंगे। कार्यक्रम के बाद रक्षामंत्री ब्रह्माकुमारीज के पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे और भोजन ग्रहण करेंगे। दोपहर करीब 2.45 बजे वह मानपुर हवाई पट्टी से रवाना होंगे। राजनाथ सिंह के दौरे को लेकर रविवार को जिला प्रशासन ने तैयारियों का जायजा लिया।

NRI के साथ जयपुर एयरपोर्ट पर दुर्व्यवहार

## तस्करी के आरोप झूठे, वासु को मिली उनकी सोने की घड़ी



■ कानूनी लड़ाई के बाद मिली राहत

बेधड़क. जयपुर। सांगानेर एयरपोर्ट पर घड़ी को छुपाने और तस्करी के झूठे आरोपों से जुड़े मामले में प्रतिष्ठित एनआरआई व्यवसायी और रीगल समूह के अध्यक्ष वासु श्राफ को बड़ी राहत मिली है। 11 अप्रैल को जयपुर एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने वासु श्राफ के साथ अपराधी जैसा व्यवहार करते हुए लगभग 35.17 लाख रुपए मूल्य की 188 ग्राम सोने की घड़ी जब्त कर ली थी। 84 वर्षीय वासु श्राफ को अधिकारियों ने चार घंटे तक व्हीलचेयर पर बिना पानी, दवा और किसी भी सुविधा के रखा। इसके बाद वासु श्राफ घड़ी कस्टम अधिकारियों सौंपकर जयपुर से दुबई रवाना हो गए। इस मामले में कानूनी लड़ाई के बाद सहायक आयुक्त कस्टम आरके मीणा ने तस्करी का मामला न मानते हुए घड़ी वासु को लौटा दी। वासु श्राफ को उनकी घड़ी उनके वकील एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह ने खुद दुबई जाकर सौंपी। बांद्रा पश्चिम, मुंबई निवासी वासु श्राफ पिछले 60 वर्षों से दुबई में व्यवसाय कर रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री यादव की अध्यक्षता में होगी दिशा की बैठक



दिल्ली में रविवार को केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्वामी चिदानन्द सरस्वती से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

बेधड़क | खैरथल

तिजारा जिले में विकास कार्यों को नई गति देने के लिए 21 अप्रैल को एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। जिला सचिवालय सभागार में सुबह 9 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव करेंगे। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की इस बैठक में जिले के सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में पिछली दिशा बैठक में लिए गए निर्णयों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा होगी। साथ ही जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में आने वाली योजनाओं पर भी विचार-विमर्श होगा। इसमें आम जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को भी एजेंडे में शामिल किया गया है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कोटा में राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता का किया उद्घाटन

# कुश्ती भारत का परंपरागत खेल और गौरव का प्रतीक: ओम बिरला

■ बुजुर्ग पहलवानों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा

बेधड़क | कोटा

नयापुरा स्थित खेल परिसर के रघुराई एण्डो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन दिवसीय राष्ट्रीय अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता की शुरुआत रविवार को हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नगाड़ा बजाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कुश्ती भारत की मिट्टी में रचा-बसा एक परंपरागत खेल है, जिसने ओलंपिक और एशियन गेम्स जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को बार-बार गौरवान्वित किया है। उद्घाटन समारोह में देश के 26 राज्यों के 800 से अधिक पहलवानों ने मार्च पास्ट किया। टीम लीडर प्रदेश का प्लेकार्ड हाथ में लिए मंच के सामने से गुजरे और पीछे-पीछे राज्य की पूरी टीम चली, जिससे एक अत्यंत मनमोहक दृश्य सामने आया। ओम बिरला ने कहा कि यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से ऐसे युवाओं को मंच देगी जो भविष्य में भारत के लिए मेडल जीत सकते हैं। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी, विधायक संदीप शर्मा व कल्पना देवी भी मौजूद रहे।



कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते ओम बिरला।

### कोटा में कुश्ती अकादमी की मांग

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि पिछले पांच ओलम्पिक खेलों में भारत को पदक दिलाया है। कुश्ती की लोकप्रियता दिनों-दिन बढ़ रही है। कोटा में अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता निश्चित तौर पर यहां के खिलाड़ियों के लिए बड़ा प्रोत्साहन सिद्ध होगी। उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से आग्रह किया कि कोटा में कुश्ती की एक अकादमी स्थापित की जाए जिससे हम बचपन से ही भविष्य के खिलाड़ी तैयार कर सकें।

### बुजुर्ग पहलवानों को हर माह दस हजार रु.

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने बुजुर्ग पहलवानों की पीड़ा बताई। उन्होंने कहा कि राजस्थान कुश्ती संघ अब ऐसे पहलवानों को आर्थिक सहायता देगा, जो सरकारी नौकरी में नहीं हैं और बुजुर्गावस्था में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने घोषणा की कि 60 वर्ष से ऊपर के राजस्थान केसरी पहलवानों को 10,000 रुपए मासिक आर्थिक सहायता दी जाएगी। समारोह में राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने आईपीएल की तर्ज पर कुश्ती लीग शुरू करने और इस खेल को गांवों से शहरों तक ले जाने की योजना की भी जानकारी दी।

### बिरला ने जेईई मेन्स-2025 टॉपर से की मुलाकात



जेईई मेन्स 2025 (सेशन-2) में टॉप करने वाले ओडिशा के ओमप्रकाश बेहरा से रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। ओमप्रकाश इस समय कोटा में अध्ययनरत हैं। ओम बिरला ने इस मुलाकात का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि ओमप्रकाश की यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनके अथक परिश्रम और अनुशासन का परिणाम है। यह कोटा की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्कृति का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश की सफलता में उनके माता-पिता का त्याग और शिक्षकों का मार्गदर्शन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही, उन्होंने जेईई मेन्स 2025 में सफलता प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी शुभकामनाएं दीं।

फर्स्ट एक्सप्रेस पब्लिशर्स के लिए मुद्रक व प्रकाशक अनिता हाड़ा सागवान द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 304-308 थर्ड फ्लोर, सिटी मॉल, भगवानदास रोड, सी-स्कीम जयपुर-302001 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, डीबी कॉर्प लि., शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित। प्रधान संपादक: डॉ. जगदीश चंद्र, प्रबंध संपादक: पवन अरोड़ा, संपादक: मनोज माथुर*, RNI No. : RAJHIN/2021/82557 फोन नं. : 0141-4920504 (ऑफिस), ई-मेल: sachbedhadakdaily@gmail.com, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।